हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 282, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 1 अप्रैल, 2022 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी

## प्रमोशन में आरक्षण की नीति रद्द करने के खिलाफ केंद्र सरकार

### 2017 में दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण की केंद्र की इस नीति को किया था खारिज

नई दिल्ली। प्रमोशन में आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि इसे रद्द करने से साढ़े चार लाख कर्मचारियों पर असर पड़ेगा। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण की नीति रद्द करने का असर साढ़े चार लाख कर्मचारियों पर पड़ने से उनमें अंसतोष बढ़ेगा।

केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि 2007 से 2020 के बीच साढ़े चार लाख से अधिक कर्मचारियों को इसका लाभ मिला था। और ऐसे में अगर इस नीति के खिलाफ किसी भी तरह का आदेश दिया जाता है तो इसके गंभीर और व्यापक प्रभाव हो सकते हैं। 2017 में दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण की



केंद्र की इस नीति को खारिज कर दिया था। अपनी नीति का बचाव करते हुए केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा कि उस नीति से किसी पर उल्टा या नकारात्मक असर नहीं पड़ रहा था। सरकार का कहना है कि प्रमोशन में आरक्षण का लाभ सिर्फ उन्हीं कर्मचारियों को दिया गया जो मानदंडों को पूरा करते हैं और वो निर्धारित अर्हता पूरी करते हों। शिक्षा में आरक्षण से पिछड़े तबके को कितना फायदा? सरकार ने अदालत के सामने 75 मंत्रालयों और विभागों का डेटा भी पेश किया।

उसने कहा कि कुल 27,55,430 कर्मचारियों में से 4,79,301 ही अनुसूचित जाति से और 2,14,738 अनुसूचित जनजाति से आते हैं अन्य पिछड़ा वर्ग के 4,57,148 कर्मचारी हैं। अगर प्रतिशत में देखें तो केंद्र सरकार के मंत्रालयों विभागों में एससी वर्ग से 17.30 फीसदी, एसटी वर्ग से 7.70 फीसदी और ओबीसी वर्ग से 16.50 फीसदी कर्मचारी हैं। केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को प्रमोशन में आरक्षण के मुद्दे पर पूरा डेटा पेश करने को कहा था।

### 'आप' ने कांग्रेस को बताया डूबता जहाज, कहा- नरेश पटेल जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति नहीं होंगे सवार

अहमदाबाद। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रमुख गोपाल इटालिया ने कांग्रेस को एक डूबता जहाज बताते हुए कहा कि नरेश पटेल जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति का इस जहाज में सवार होना नामुमकीन है बता दें कि गुजरात विधानसभा के इस वर्ष के अंत में चुनाव होने हैं और उससे पहले पाटीदार नेता नरेश पटेल भाजपा, कांग्रेस और आप अपने पाले में लाने का प्रयास कर रही हैं नरेश पटेल पाटीदारों के आस्था केन्द्र खोडलधाम ट्रस्ट के प्रमुख हैं उनकी पटेल समाज पर मजबूत पकड़ है बीते दिन चर्चा थी कि नरेश पटेल और प्रशांत किशोर के बीच राजस्थान के जयपुर में बैठक हुई है तथा अप्रैल महीने में नरेश पटेल कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं ऐसी चर्चा के बीच आप के प्रदेश प्रमुख गोपाल इटालिया ने कहा कि कांग्रेस एक डूबता जहाज है देश में जहां जहां चुनाव हुए हैं, कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है ऐसे डूबते जहाज में नरेश पटेल जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति सवार हों, ऐसा नहीं लगतो इटालिया ने कहा कि आप ने भी नरेश पटेल को हमारे साथ आने का प्रस्ताव दिया है हांलाकि किस राजनीतिक दल से जुड़ना इसका फैसला नरेश पटेल को ही करना है गोपाल इटालिया ने कहा कि पिछले 30 साल से कांग्रेस गुजरात में जीत नहीं पाई।

### पेट्रोल-डीजल में उतरा महंगाई का करंट 6.40 रुपये का बड़ा झटका

नई दिल्ली। अब पेट्रोल-डीजल के जरिए अब रोज महंगाई का करंट लग रहा है। आज भी पेट्रोल-डीजल ने 80-80 पैसे का झटका दिया है। गुरुवार को पेट्रोलियम कंपनियों ने ईंधन के नए रेट जारी किए तो जयपुर-अहमदाबाद से पटना और भोपाल से चेन्नई तक पेट्रोल 100 रुपये के पार चला गया। यहां तक कि मुंबई में डीजल भी अब 100 रुपये से अधिक हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत में 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद 101.81 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इस तरह 10 दिन में दिल्ली में पेट्रोल 6.40 रुपये महंगा हुआ है। वहीं, डीजल भी 6 रुपये 40 पैसे तक महंगा हुआ है। अब दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल के लिए 101.81 रुपये और डीजल के लिए 93.07 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इससे पहले 21 मार्च को राजधानी में पेट्रोल का दाम 95.41 और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर था।अब 22 मार्च 2022 से पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। 22 मार्च से 23 मार्च तक रोजाना पेट्रोल-डीजल 80-80 पैसे महंगा हुआ। 24 मार्च को कोई बदलाव नहीं हुआ, लेकिन 25 मार्च से एक बार फिर पेट्रोल-डीजल 26 तक 80-80 पैसे बढ़े। इसके बाद 27 मार्च को पेट्रोल 50 और डीजल 55 पैसे महंगा हुआ।

## अखिलेश यादव को झटका दे क्यों बीजेपी में जाने को तैयार हैं शिवपाल

नई दिल्ली। मुलायम सिंह यादव के परिवार में एक बार फिर फूट पड़ गई है। कुछ दिन पहले छोटी बहू अपर्णा यादव ने परिवार की पार्टी छोड़कर भगवा चोला ओढ़ लिया तो अब छोटे भाई शिवपाल यादव भी उसी राह पर हैं। 2017 विधानसभा चुनाव से पहले अपनी अलग पार्टी बनाने वाले प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) प्रमुख शिवपाल सिंह यादव हाल में संपन्न हुए चुनाव में भतीजे अखिलेश यादव से मिली निराशा से इस कदर आहत हैं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में जाने को तैयार हैं। आखिर 7 मार्च तक अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने की बात करने वाले शिवपाल इसी महीने के अंत तक विरोधी खेमे में जाने को क्यों तैयार हो गए हैं? आइए करते हैं पड़ताल। शिवपाल की नारजगी की शुरूआत करीब 6 साल पहले उस समय हुई जब सपा की बागडोर मुलायम सिंह यादव के हाथ से निकलकर अखिलेश यादव के पास चली गई। मुलायम के सपा मुखिया रहते शिवपाल सपा में हमेशा नंबर दो की हैसियत में रहे। उनका सम्मान होता रहा। मगर, सपा की कमान अखिलेश के हाथ में आने के बाद सम्मान न मिलने की वजह से यह दूरियां बढ़ती गईं। शिवपाल का राजनीतिक घर ही पराया हो गया। उन्होंने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) का



गठन करके अपनी अलग जमीन तैयार करने की कोशिश की, लेकिन इसमें कोई खास सफलता नहीं मिल पाई। राजनीतिक मजबूरियों के चलते विधानसभा चुनाव में शिवपाल यादव ने एक बार फिर अखिलेश का साथ मंजूर किया। बड़े भाई मुलायम सिंह यादव के कहने पर वह भतीजे के साथ गठबंधन को तैयार हो गए। लेकिन जिस तरह अखिलेश यादव ने उनकी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी और उन्हें सपा के सिंबल पर ही लड़ने को मजबूर किया, उससे प्रसपा प्रमुख बेहद आहत हो गए। इस हालत में प्रसपा के कई बड़े नेता साथ छोड़कर दूसरे दलों में शामिल हो गए। चुनाव के दौरान ही शिवपाल यादव का दर्द कई बार जुबान पर आ गया था।

### केजरीवाल के घर के बाहर हंगामा अब तक आठ गिरफ्तार एसआईटी के लिए आप ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर कथित तौर पर तोड़फोड़ करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने अबतक आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, आठ लोगों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है और यह संख्या बढ़ सकती है क्योंकि पुलिस टीमों को और गिरफ्तारियां करने के लिए भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी (आप) विधायक सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली पुलिस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस ने 'बीजेपी के गुंडों' को रोकने के लिए इंतजाम नहीं किए और उन्हें मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर के बाहर आसानी से जाने दिया। बीजेपी यूथ विंग के सदस्यों ने 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म पर केजरीवाल की गई टिप्पणी के खिलाफ उनके आवास के बाहर कथित रूप से तोड़फोड़ की।

## बड़ा फैसला : केंद्र ने असम, नगालैंड व मणिपुर में दशकों बाद अफस्पा का क्षेत्र घटाया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने आज उत्तर पूर्वी राज्यों की दृष्टि से बड़ा कदम उठाते हुए असम, नगालैंड व मणिपुर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून का क्षेत्र



सीमित करने का फैसला किया है। यह विशेष कानून अब इन राज्यों के कुछ खास इलाकों तक सीमित रहेगा। इसका क्षेत्र घटा दिया गया है। उत्तर-पूर्व के राज्यों से इस कानून को हटाने के लिए लंबे समय से मांग हो रही है। हालांकि केंद्र ने अभी इसे पूरी तरह हटाने की बजाए कुछ गड़बड़ी वाले क्षेत्रों तक सीमित करने का फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दशकों से उपेक्षित महसूस कर रहे उत्तर-पूर्वी राज्यों के प्रति पीएम नरेंद्र मोदी की वचनबद्धता के कारण वहां शांति, समृद्धि व विकास का नया युग नजर आ रहा है। इस मौके पर मैं उत्तर-पूर्व की जनता को बधाई देता हूं। अमित शाह ने ट्वीट कर पीएम को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा- पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद। हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र, जो दशकों से उपेक्षित था, अब शांति, समृद्धि और अभूतपूर्व विकास के एक नए युग का गवाह बन रहा है। मैं इस महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्वोत्तर के लोगों को बधाई देता हूं। अफस्पा के तहत क्षेत्रों में कमी सुरक्षा की स्थिति में सुधार और प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर पूर्व में स्थायी शांति लाने और उग्रवाद को समाप्त करने के लिए लगातार प्रयासों और कई समझौतों के कारण तेजी से विकास का परिणाम है। नरेंद्र मोदी जी ने दशकों बाद नागालैंड, असम और मणिपुर राज्यों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के तहत अशांत क्षेत्रों को कम करने का निर्णय लिया है। गृह मंत्री ने कहा कि अफस्पा के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में कमी इन राज्यों में सुरक्षा की स्थिति में सुधार, तेजी से विकास व तमाम शांति समझौतों के कारण हो सकी है। उत्तर पूर्व में मोदी सरकार ने शांति बहाल की है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं तो लोग ज्यादा मेहनत करें अपनी कमाई बढ़ाएं: बाबा रामदेव

नई दिल्ली। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से देश की आम जनता पर भारी मार पड़ी है। योग गुरु रामदेव ने इस मामले पर कहा कि लोगों को बढ़ती महंगाई से निपटने के लिए अपनी आय बढ़ानी होगी, जिसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। करनाल में उन्होंने बुधवार को कहा, "मेरे जैसा संन्यासी भी कड़ी मेहनत कर सकता है। आम जनता को इस महंगाई से निपटने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। रामदेव ने कहा कि देश चलाने के लिए उनको टैक्स भी लेना पड़ा रहा है, अगर मैं संन्यासी होकर 18 घंटे काम कर सकता हूं तो लोगों को भी और मेहनत करनी चाहिए। दरअसल, बाबा से उनके पुराने बयान के बारे में पूछा गया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सत्ता में आई तो ईंधन की कीमतें कम हो जाएंगी। करनाल में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रामदेव हेलीकॉप्टर से आए थे। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के काम की भी तारीफ की। मालूम हो कि अब पेट्रोल-डीजल के जरिए अब रोज महंगाई का करंट लग रहा है। गुरुवार को भी पेट्रोल-डीजल ने 80-80 पैसे का झटका दिया है। आज पेट्रोलियम कंपनियों ने ईंधन के नए रेट जारी किए तो जयपुर-अहमदाबाद से पटना और भोपाल से चेन्नई तक पेट्रोल 100 रुपये के पार चला गया। यहां तक कि मुंबई में डीजल भी अब 100 रुपये से अधिक हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत में 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद 101.81 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इस तरह 10 दिन में दिल्ली में पेट्रोल 6.40 रुपये महंगा हुआ है। वहीं, डीजल भी 6 रुपये 40 पैसे तक महंगा हुआ है। अब दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल के लिए 101.81 रुपये और डीजल के लिए 93.07 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इससे पहले 21 मार्च को राजधानी में पेट्रोल का दाम 95.41 और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर था।

## चिराग पासवान को जारी सरकारी आवास खाली करने के आदेश में हस्तक्षेप से हाई कोर्ट का इन्कार

नई दिल्ली। जनपथ स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के सांसद चिराग पासवान को सरकारी आवासी से बेदखल करने से जुड़े आदेश के खिलाफ याचिका दायर कर ।मोहलत देने की मांग वाली उनकी मां रीना पासवान की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की पीठ ने बेदखल करने से जुड़े आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार करते हुए याचिका खारिज कर दी। मूल रूप से उक्त भवन चिराग के पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवाल को आवंटित किया गया था। रीना पासवान की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता रजत वाधवा, अधिवक्ता आदित्य वरुण व अधिवक्ता लक्ष्य लूथरा ने दलील दी कि उक्त भवन को वर्ष 1989 में रामविलास पासवान को आवंटित किया गया था। बीते 30 साल से वे इसी भवन में रहे थे। ऐसे में भवन को खाली करने के लिए उन्हें चार महीने की मोहलत दी जाए ताकि वे भवन को खाली कर सकें।उन्होंने कहा कि भवन में कई लोगों के रहने के कारण इसे



खाली करने में व्यवहारिक दिक्कत आ रही है। संपदा निदेशालय (डीओई) ने वर्ष 2020 में चिराग पासवान को बेदखली का आदेश जारी किया था। वहीं, केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए एडिशनल सालिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने अदालत को सूचित किया कि बेदखली की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और रहने वालों को वर्ष 2020 में प्रासंगिक नोटिस प्रदान किया गया था। पीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद केंद्र सरकार के नोटिस पर हस्तक्षेप करने से इन्कार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

## बिहार सीएम की कुर्सी छोड़कर राज्यसभा जाएंगे नीतीश कुमार

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा जाएंगे? दरअसल राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन की सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कहना है कि वह किसी दिन राज्यसभा जाना चाहेंगे। नीतीश अगर राज्यसभा जाते हैं को वे बिहार के अन्य दो दिग्गज नेता यानी लालू प्रसाद यादव और सुशील कुमार मोदी की बराबरी कर लेंगे। ये दोनों नेता संसद और विधानसभा के सभी सदनों के सदस्य रहे हैं। बुधवार सुबह, नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा में अपने कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि वह किसी भी समय राज्यसभा के सदस्य बनना चाहते हैं। वह अब तक बिहार विधानसभा, विधान परिषद और लोकसभा के सदस्य रह चुके हैं। पत्रकारों के साथ एक अनौपचारिक बातचीत में की गई टिप्पणी ने बड़ी अटकलों को हवा दे दी। अटकलें हैं कि 16 साल से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, एक नई भूमिका के लिए इच्छुक हैं। चचाएं तो यहां तक हैं कि उन्हें उपराष्ट्रपति बनाया जा सकता है। उपराष्ट्रपति का पद अगले कुछ दिनों में खाली होने वाला है। नीतीश कुमार से पूछा गया था कि क्या वह नालंदा से सांसदी का चुनाव लड़ने की दौड़ में हैं। इस पर उन्होंने कहा, "बिल्कुल नहीं।" वे खत्म की जा चुकी बाढ़ लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं, जहां उन्होंने पांच बार जीत हासिल की थी। बाढ़ के प्रमुख हिस्से अब नालंदा में हैं। लेकिन यह पूछे जाने पर कि क्या वह राज्यसभा के सदस्य बनना चाहेंगे, उन्होंने कहाः "मुझे राज्यसभा जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन अभी के लिए, मेरे पास मुख्यमंत्री की जिम्मेदारियां हैं। मैं 16 साल से अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहा हूं, तो मुझे नहीं पता।नीतीश कुमार की इच्छा की राजनीतिक हलकों में अलग-अलग तरह से व्याख्या की जा रही है। बिहार एनडीए (भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के नेताओं के एक वर्ग का मानना है कि या तो उन्हें दिल्ली में एक प्रतिष्ठित जिम्मेदारी के बारे में बताया गया है या उन्होंने भाजपा नेतृत्व को एक आइडिया दिया है जिस पर वह विचार करने को तैयार हैं।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला, राहुल गांधी ने संभाला मोर्चा

नई दिल्ली। ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि को लेकर सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि अभूतपूर्व है। उन्हें इसे जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की। इस मुद्दे पर दिल्ली में विजय चौक पर कांग्रेस सांसदों के धरने का नेतृत्व करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पिछले 10 दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम नौ बार बढ़े हैं और इससे आम आदमी सबसे ज्यादा प्रभावित है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों के कांग्रेस सांसदों ने तख्तियां लिए सरकार के खिलाफ नारे लगाए और ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ धरने पर बैठ गए। धरने में शामिल नेताओं में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल थे। राहुल गांधी ने कहा, "हमारी मांग है कि सरकार को कीमतों पर नियंत्रण रखना चाहिए और पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैंने कहा था कि जब चुनाव खत्म होंगे तो पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ेंगे और लोगों से टैंक भरने को कहा था।' उन्होंने सरकार पर गरीबों से पैसे चुराने और उद्योगपतियों को सौंपने का आरोप लगाते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि का यह स्तर अभूतपूर्व है। आपको बता दें कि कांग्रेस महंगाई और ईंधन की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ एक सप्ताह का देशव्यापी विरोध भी



शुरू कर रही है।उन्होंने कहा, "हम देख सकते हैं कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें तेजी से चढ़ रही हैं। सरकार इससे हजारों करोड़ कमा रही है। पेट्रोल और डीजल की इस कीमत वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस पूरे देश में विरोध कर रही है। सरकार को ऐसा करना बंद करना होगा। सरकार यह सुनिश्चित करे कि कीमतें न बढ़ें। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गुरुवार को 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जिससे पिछले 10 दिनों में दरों में कुल वृद्धि 6.40 रुपये प्रति लीटर हो गई। 22 मार्च को दर संशोधन में साढ़े चार महीने के लंबे अंतराल की समाप्ति के बाद से कीमतों में यह नौवीं वृद्धि है।

### रतन टाटा को भारत रत्न देने की मांग तेज दिल्ली हाईकोर्ट में दी गई याचिका

नई दिल्ली। देश के जाने-माने उद्योगपति रतन टाटा को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की मांग अब जोर पकड़ रही है। मामला अब दिल्ली हाई कोर्ट तक पहुंच गया है। इस मामले में एक याचिका दायर की गई है जिसपर गुरुवार को सुनवाई होनी है। बता दें कि अब तक देश में विभिन्न क्षेत्रों के सम्मानित 48 लोगों को भारत रत्न दिया जा चुका है। भारत रत्न पाने वालों में पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, गायक भूपेन हजारिका और दिवंगत गायिका लता मंगेशकर भी शामिल हैं। सबसे पहले यह सम्मान पूर्व राष्ट्रपति और शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को 1954 में दिया गया था। अब लोगों का कहना है कि देश में उद्योग के क्षेत्र में बड़ा योगदान देने वाले रतन टाटा को भी इस पुरस्कार से नवाजा जाना चाहिए।

## डॉक्टर की आत्महत्या पर पुलिस के खिलाफ कार्रवाई

नई दिल्ली। डॉक्टर अर्चना शर्मा ने एक मरीज की मौत का जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद आत्महत्या कर ली थी। अब राज्य सरकार ने दौसा के एसपी को हटाने के आदेश दे दिए हैं और दो अन्य पुलिस अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। मामला राजस्थान के दौसा का है जहां 42 वर्षीय अर्चना शर्मा अपने पति के साथ मिलकर एक निजी अस्पताल चलाती थीं। वो उसी अस्पताल में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में काम भी करती थीं। रविवार 27 मार्च की रात उनके अस्पताल में प्रसव पीड़ा से गुजर रही एक 22 वर्षीय महिला को लाया गया था। लेकिन प्रसव कक्ष में इलाज के दौरान ही महिला की स्थिति ज्यादा खराब हो गई और उसकी मौत हो गई। उसके बाद उसके रिश्तेदारों ने उसकी मौत के लिए अस्पताल को जिम्मेदार ठहराया और लापरवाही का आरोप लगाया। आरोप को लेकर सदमा उनकी मांग पर पुलिस ने अर्चना शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली और उन पर दफा 302 के तहत हत्या का आरोप लगा दिया। मीडिया रिपोर्टों में बताया जा रहा है कि इन आरोपों से आहत होकर शर्मा ने अस्पताल के ही एक कमरे में खुद को फांसी लगा ली। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक उनके द्वारा लिखी एक चिट्ठी भी बरामद की गई जिसमें उन्होंने लिखा था कि पीड़ित महिला की मौत एक्यूट पोस्टपार्टम हैमराज (पीपीएच) नाम की अवस्था से हुई थी, जिसमें प्रसव के दौरान बहुत ज्यादा खून बह जाता है। शर्मा ने चिट्ठी में लिखा, "मैं अपने पति और बच्चों से बहुत प्यार करती हूं। कृपया मेरी मौत के बाद उन्हें परेशान न करें। मैंने कोई गलती नहीं की और किसी की जान नहीं ली। पीपीएच एक गंभीर समस्या है, इसके लिए डॉक्टरों का परेशान करना बंद कीजिए। मेरी मौत शायद मेरी बेगुनाही साबित कर दे। कृपया निर्दोष डॉक्टरों को परेशान न करें" शर्मा की आत्महत्या के बाद दौसा और दूसरे भी कई स्थानों पर डॉक्टरों ने इस घटना पर नाराजगी जताई।

## चिंतन मनन

# इमरान का संकट

पाकिस्तान की सियासत का अब हर दिन बेहद अहम है। वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश हो चुका है। प्रस्ताव पर चार अप्रैल को वोटिंग होगी। लेकिन प्रस्ताव से पहले ही इमरान सरकार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तान की जम्हूरी वतन पार्टी के नेता और बलूचिस्तान में सलाहकार शाहजैन बुगती ने इमरान की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बिलावल भुट्टो के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुगती ने कहा कि मैं अब विपक्षी गठबंधन के साथ हूं। इससे पहले उनकी पार्टी के 24 सांसद और तीन सहयोगी दल इमरान का साथ छोड़ चुके हैं। पाकिस्तान की संसद में बहुमत के लिए 172 सांसदों की जरूरत है। इमरान के पास 179 सदस्य हैं। जिसमें पीटीआई के 155 सदस्य हैं। लेकिन सांसदों के बागी होने के बाद अल्पमत में इमरान सरकार है। अब तक करीब 24 सांसद इमरान खान का साथ छोड़ चुके हैं। जिसके बाद से कहा जा रहा है कि इमरान के लिए सरकार बचाना काफी मुश्किल हो चुका है। इमरान खान की स्थिति अनिश्चित है और चार सहयोहियों में से तीन ने एमक्यूएम-पी, पीएमएल-क्यू और बीएपी ने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को अपना समर्थन दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने उसी के अनुसार मतदान करने की बात भी कही है। विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव पास कराने के लिए 172 सदस्यों की जरूरत है, लेकिन उन्हें 190 सदस्यों का समर्थन मिल सकता है। इस बीच इमरान ने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के सदस्यों को वोटिंग से दूरी बनाने की हिदायत दी है। कहा जा रहा है कि इमरान को अपनी पार्टी के सदस्यों पर ही भरोसा नहीं है कि वे उनके पक्ष में वोट करेंगे। इमरान इसलिए नहीं चाहते की उनकी पार्टी के सदस्य वोटिंग में शामिल हों, क्योंकि वोटिंग के दौरान बगावत करने वालों की संख्या 24 से बढ़कर 40 तक हो सकती है। पाकिस्तान की ताकतवर सेना पहले ही कह चुकी है कि वह इस मामले में तटस्थ रहेगी। सेना की तटस्थता का सबूत यह भी है कि हाल ही में खैबर पख्तुनख्वा में स्थानीय निकाय के और पंजाब में एक जगह उपचुनाव हुए। दोनों ही जगह पीटीआई सत्ता में है। जब विपक्ष को यकीन हो गया कि इमरान की मदद के लिए सेना हस्तक्षेप नहीं करेगी, तभी उसने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस भेजा। फिर सत्तारूढ़ पीटीआई के कुछ सांसदों ने पाला बदलते हुए खुलेआम कहा कि वे विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करेंगे, तब सैन्य प्रतिष्ठान ने उन्हें नहीं रोका। इस पर नाराज इमरान खान ने एक रैली में पूछा कि तटस्थता क्या होती है। उन्होंने कहा कि हर आदमी को किसी पक्ष को चुनना पड़ता है। तटस्थ तो सिर्फ जानवर होते हैं। यह सभी को पता है कि इमरान सत्ता में सेना की वजह से ही आए थे और अब तक उसी के कहे अनुसार चलते रहे। मुसीबत के समय जब सेना ने साथ छोड़ा तो इमरान की खीझ भी सामने आ गई।

# नहीं है इसका भान!



बढ़ा फिर प्रदूषण ।
नहीं है इसका भान ।।
पर बातें निरर्थक ।
रहीं हैं अब तक शान ।।
अपनी जिम्मेदारी से ।
रहे हैं शायद भाग ।।
खत्म ना होती दिखती ।
प्रदूषण वाली आग ।।
आया सब कुछ सामने ।
अब क्या रहे निहार ।।
पर जो बनना चाहिए ।
बना नहीं आधार ।।
बात नहीं बन पाई ।
झेल रहे हैं लोग ।।
समय का ठीक से ।
कब इधर उपयोग ?

–कृष्णेन्द्र राय

# राष्ट्र-चिंतन : भ्रष्ट नौकरशाही जनकांक्षाओं को कब्र बना देती है

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ फिर से मुख्यमंत्री बन गये हैं। उनका भारी-भरकम मंत्रिमंडल काम करना भी शुरू कर दिया है। प्रचारित यह किया गया है कि मंत्रिमंडल के गठन में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व मिला है, इसलिए सभी वर्गो का विकास सुनिश्चित है। खासकर मुस्लिम वर्ग के प्रतिनिधित्व को लेकर खास तरह की चर्चा है। चर्चा यह है कि भाजपा ने ऐसे व्यक्ति को मंत्रिमंडल में जगह दी है जो शिया मुस्लिम नहीं है बल्कि सुन्नी मुस्लिम है और वह गरीब, अपमानित और हाशिये पर खड़ी मुस्लिम जाति का प्रतिनिधित्व करता है। अब तक भाजपा पर शिया मुस्लिम का प्रभुत्व ही रहता था। योगी के पहले कार्यकाल में जो एक मात्र मुस्लिम मंत्री हुआ करते थे वे शिया मुस्लिम जाति का ही प्रतिनिधित्व करते थे। यूपी और खासकर लखनउ में शिया व सुन्नी मुस्लिम जातियों के बीच वर्चस्व के झगड़े होते रहे हैं। इसके साथ ही साथ केशव प्रसाद मौर्या भी फिर से उप मुख्यमंत्री बन गये हैं। केशव प्रसाद मौर्या विधान सभा का चुनाव हार चुके थे। केशव प्रसाद मौर्या को भाजपा का पिछड़ा चेहरा माना जाता है और यह कहा जाता है कि केशव प्रसाद मौर्या ने पिछड़ों के बीच भाजपा की पहुंच कायम करने में बहुत बड़ी भूमिका निभायी है। यह सही बात है कि पिछड़ों की राजनीति के प्रबंधन में भाजपा जरूर चैम्पियन रही है। यही कारण है कि अखिलेश यादव पिछड़ों की राजनीति के प्रबंधन में फिसड्डी साबित हुए। अगर पिछड़ों की राजनीति के प्रबंधन में भाजपा विफल होती तो निश्चित मानिये कि उत्तर प्रदेश में भाजपा को जीत नहीं मिलती। चुनावी राजनीति में सिर्फ विकास और उन्नति पर ही वोट मिलेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं है। चुनावी राजनीति में जाति भी एक महत्वपूर्ण केन्द्र बन गयी है। जातीय आधार पर वोट करने की परम्परा विकसित हुई है जो चुनावों के दौरान स्पष्ट दिखती है।योगी का यह कहना भी है कि उनका दूसरा कार्यकाल बेमिसाल और जनकांक्षाओं के प्रतीक साबित होगा।

विचारण का महत्वपूर्ण विषय यह है कि क्या भारी-भरकम मंत्रिमंडल का गठन कर देने मात्र से, मंत्रिमंडल में सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर देने मात्र से ही उत्तर प्रदेश की जनता की जनकांक्षाएं पूरी हो जायेंगी? स्वच्छ और पारदर्शी शासन देने का स्थयी वायदा पूरा हो जायेगा, जरूरत मंदों की निजी कार्यो के निस्तारण में गति आयेगी? भ्रष्टचार और कदाचार कम होगा? नौकरशाही जो भ्रष्ट है और निकम्मी है, वह शिष्ट और सक्रिय बनेगी, पुलिस जो आम लोगों पर अत्याचार करती है, उत्पीड़न करती है, जेल भेजने या फिर झूठे मुकदमों का अपराधी बनाने की डर दिखा कर जो वसूली करती है, वह वसूली बंद हो जायेगी? क्योंकि आम जनता की शिकायत अधिकतर नौकरशाही के प्रति ही होती है, आम जनता की इच्छाओं और भविष्य की कब्र बनाने के लिए नौकरशाही हमेशा यमराज की भूमिका में होती है।

नौकरशाही को जनाकांक्षा के प्रति जिम्मेदार बनाने की सारी कोशिशें विफल ही साबित होती है। जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है तो नौकरशाही को जिम्मेदार बनाने की कभी कोई सार्थक प्रयास ही नहीं हुआ। मायावती की जब सरकार थी तब भी नौकरशाही भ्रष्ट थी,अराजक थी और जनता के लिए यमराज थी। अखिलेश यादव की जब सरकार थी तब भी नौकरशाही की स्थिति वैसी ही थी जो मायावती की सरकार में थी। मायावती और अखिलेश की सरकार के दौरान नौकरशाही पूरी तरह से भ्रष्ट ही थी। अब यहां यह प्रश्न भी उठता है कि योगी के प्रथम कार्यकाल में नौकरशाही कैसी थी? नौकरशाही क्या जनता के प्रति जिम्मेदार थी, नौकरशाही क्या ईमानदार थी, नौकरशाही क्या सरकार की विकास योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए सक्रिय थी? इन सभी प्रश्नों के उत्तर कोई खास उत्साह जनक नहीं थे। योगी जरूर ईमानदार हैं। योगी संत है, परिवार और संपत्ति मोह के गुलाम नहीं है। योगी पर अखिलेश या मायावती की तरह धन का जुगाड़ करने और परिवार के लिए कार्य करने जैसे आरोप नहीं लगाये जा सकते हैं। पर प्रशासनिक अमले को जिम्मेदार बनाने की सफलता और असफलता पर योगी की आलोचना और समालोचना क्यों नहीं हो सकती है? निश्चित तौर पर योगी के प्रथम कार्यकाल के दौरान भी नौकरशाही पूरी तरह से ईमानदार नहीं थी और सरकारी योजनाओं का बंदरबांट करने में अपनी भूमिका निभा रही थी।

नौकरशाही के भ्रष्ट होने और नौकरशही के निकम्मेपन की शिकार सरकारी योजनाएं ही होती हैं। देश में जितनी भी लोकप्रिय और जनता के महत्व-विकास वाली योजनाएं आयी वे सफल क्यों नहीं हुई, उन सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ जनता को क्यों नहीं मिला? इसके पीछे भी कारण नौकरशाही ही है। फाइल दबा कर बैठना, फाइल पर गलत नोटिंग कर अटका कर रखना, नौकरशाही की ऐसा करतूत है जिसकी सजा जनता तो भुगतती ही है, इसके अलावा सरकार भी भुगतती है, सरकार की छबि खराब होती है। स्थिति तो यहां तक है कि छोटे-छोटे कार्य जैसे जाति प्रमाण पत्र बनाने, आय प्रमाण पत्र बनाने, आवास प्रमाण पत्र बनाने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, वसीयत पंजीकरण बनाने आदि कार्य में भी नौकरशाही के लिए रिश्वत निर्धारित है, रिश्वत नहीं देने पर ये सभी कार्य संभव ही नहीं होंगे? रिश्वत के पैसे नहीं देने पर समय नहीं है, टेकनिकल गड़बडी है, साहेब नहीं है, इसलिए बाद में आइये, कह कर घूमाया जाता है। बड़ी-बड़ी योजनाओं को लटका कर नौकरशाही रखती है ताकि महंगाई का बहाना बना कर योजनाओं की नीयत राशि में वृद्धि की जा सके। जो योजनाएं कम समय और कम राशि में बन सकती है, उन योजनाओं में समय ज्यादा लगता है और नीयत राशि में बेतहाशा वृद्धि होती है।



आज कुछ नही है मेरे पास लिखने के लिए,
शायद मेरे हर लफ्ज ने खुद-खुशी कर ली !!

वो तो आँखे थी जो सब सच बयां कर गयी,
वरना लफ़्ज होते तो कब के मुकर गए होते !!

अगर इश्क करो तो वफा भी सीखो साहब !!
ये चंद दिन की बेकरारी मुहब्बत नहीं होती !!

वो हैरान है मेरे सब्र पर तो उन्हें कह दो !!
जो आंसू दामन पर नहीं गिरते वो दिल चिर देते है !!

तेरी मजबूरिया भी होगी चलो मान लेते है !!
मगर तेरा वादा भी था मुझे याद रखने का !!

रात को सोते हुए एक बेवजह सा खयाल आया !!
सुबह उठ न पाऊँ तो क्या उसे खबर मिलेगी कभी !!

बड़ा सख्त मिजाज है वो शख्स !!
उसे याद रहता है की मुझे याद नहीं करना !!

क्या इतनी दूर निकल आये है हम !!
की तेरे ख्यालों में भी नहीं आते !!

तुम ना मौसम थे ना किस्मत, ना तारीख, ना ही दिन !!
किसको मालूम था की इस तरह बदल जाओगे !!

उसकी ज़िंदगी में थोड़ी सी जगह माँगी थी मुसाफिरों की तरह!!
उसने तन्हाईयों का पूरा एक शहर मेरे नाम कर दिया !!

तुम्हे हक है अपनी जिन्दगी जैसे चाहे जियो तुम !!
बस जरा एक पल के लिए सोचना की मेरी जिंदगी हो तुम !!

हमारे शहर आ जाओ सदा बरसात रहती है !!
कभी बादल बरसते है तो कभी आँखें बरसती है !!

जवाब तो था मेरे पास उन के हर सवाल का पर !!
खामोश रहकर मैंने उनको लाजवाब बना दिया !!

**मीना सिंह राठौर**
**नोएडा उत्तर प्रदेश**

# संवत्सरारम्भ – ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना का दिन

संवत्सरारम्भ (2 अप्रैल 2022) के दिन करने योग्य धार्मिक कृति : कोई भी त्यौहार आता है तो उस त्योहार की विशेषता एवं उसकी पद्धति अनुसार हम उसे मनाते है । हिन्दू धर्म में बताए गए पारम्परिक कृति के अध्यात्मशास्त्र को समझ लेने से उसका महत्त्व हमें मान्य होता है । संवत्सरारम्भ के दिन की जाने वाली धार्मिक कृति की जानकारी सनातन संस्था द्वारा संकलित इस लेख से समझ लेते हैं ।

अभ्यंग स्नान (मांगलिक स्नान) : चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन प्रातः शीघ्र उठकर प्रथम अभ्यंग स्नान करते हैं । अभ्यंग स्नान के समय देश काल कथन करना होता है ।

बंदनवार लगाना : स्नानोपरांत आम के पत्तों का बंदनवार बनाकर, लाल पुष्पों के साथ प्रत्येक द्वार पर बांधते हैं; क्योंकि लाल रंग शुभदर्शक है ।

संवत्सर पूजा : प्रथम नित्यकर्म देव पूजा करते हैं । वर्ष प्रतिपदा के दिन महाशांति करते हैं । शांति के प्रारंभ में ब्रह्मदेव की पूजा करते हैं; क्योंकि इस दिन ब्रह्मदेव ने विश्व की निर्मिति की थी । पूजा में उन्हें दौना (कटावदार तेज सुगंधवाला पत्ता) चढाते हैं । तदुपरांत होम, हवन एवं ब्राह्मणसंतर्पण करते हैं । फिर अनंत रूपों में अवतरित होने वाले विष्णु की पूजा करते हैं । नमस्ते ब्रह्मरुपाय विष्णवे नमः ।, इस मंत्र का उच्चारण कर उन्हें नमस्कार करते हैं एवं तत्पश्चात ब्राह्मणों को दक्षिणा देते हैं । संभव हो तो इतिहास, पुराण इत्यादि ग्रंथ ब्राह्मण को दान देते हैं । ऐसा करने से सर्व पापों का नाश होता है, शांति मिलती है, दुर्घटना नहीं होती, आयु बढती है एवं धन-धान्य से समृद्धि होती है, ऐसे कहा गया है । इस तिथि के वार से संबंधित देवता की भी पूजा करते हैं ।

ब्रह्मध्वज खड़ी करना

1. सूर्योदय के उपरांत तुरंत ही ब्रह्मध्वज खड़ी करना चाहिए । अपवादात्मक स्थिती में (उदा. तिथि क्षय) पंचांग देखकर ब्रह्मध्वज खड़ी करें ।

2. पीढ़े पर स्वास्तिक बना कर ब्रह्मध्वजा खडी करें । ब्रह्मध्वजा खड़ी करने के लिए हरा गीला 10 फुट से लम्बे बांस के ऊपर लाल या पीला रेशमी कपडा चुन्नट बना कर बांधें, साथ ही नीम की टहनियां, बताशे की माला तथा लाल फूलों की माला बांधें फिर तांबे के कलश पर कुमकुम की 5 रेखा बनाकर बांस की ऊपरी सिरे पर उल्टा रखें । इस प्रकार सजे हुए ब्रह्मध्वज को डोरी से बांध कर खड़ी करें। ब्रह्मध्वज घर के मुख्यद्वार के बाहर, देहली से संलग्न, भूमि पर दाईं ओर खड़ी करें । ध्वजा सीधे खडी न कर आगे की ओर कुछ झुकी हुई हो । ध्वजा के सम्मुख सुंदर रंगोली बनाएं ।

3. ब्रह्मध्वजाय नमः । बोलकर इस धर्म ध्वजा की संकल्पपूर्वक पूजा की जाती है ।

4. सूर्यास्त के समय गुड का नैवेद्य दिखाकर धर्म ध्वजा उतारते हैं ।



दान : याचकों को अनेक प्रकार के दान देने चाहिए, उदा. प्याऊ बनाकर जलदान । इससे पितर संतुष्ट होते हैं । धर्मदान सर्वश्रेष्ठ दान है, ऐसा शास्त्रों में बताया गया है । वर्तमान काल में धर्म शिक्षा देना, काल की आवश्यकता है ।

पंचांग श्रवण : इस दिन नव वर्ष का आरंभ होने के कारण ज्योतिष का पूजन कर उससे या उपाध्याय से नए वर्ष का पंचांग अर्थात वर्षफल श्रवण करते हैं । इस पंचांग श्रवण का लाभ इस प्रकार बताया गया है।

तिथेश्च श्रीकरं प्रोक्तं वारादायुष्यवर्धनम् ।
नक्षत्राद्धरते पापं योगाद्रोगनिवारणम् ।।
करणाच्चिन्तितं कार्यं पञ्चाङ्गफलमुत्तमम् ।
एतेषां श्रवणान्नित्यं गङ्गास्नानफलं लभेत् ।।

अर्थ : तिथि के श्रवण से लक्ष्मी प्राप्त होती है, वारों के श्रवण से आयु बढती है, नक्षत्र श्रवण से पापों कौ नाश होता है, योग श्रवण से रोग दूर होता है, करण श्रवण से निर्धारित कार्य साध्य होते हैं । ऐसा उत्तम फल है इस पंचांग श्रवण का । इसके नित्य श्रवण से गंगा स्नान का फल मिलता है ।

नीम की पत्तियों का प्रसाद : अन्य किसी भी पदार्थ की अपेक्षा नीम में प्रजापति तरंगें ग्रहण करने की क्षमता अधिक होने के कारण संवत्सरारम्भ के दिन नीम का प्रसाद खाया जाता है । यह प्रसाद नीम के पुष्प, कोमल पत्ते, चने की भीगी दाल अथवा भिगोए गए चने, शहद, जीरा एवं थोडी सी हींग एक साथ मिलाकर प्रसाद बनाएं एवं सभी को बांटें ।

भूमि जोतना : संवत्सरारंभ के दिन भूमि पर हल चलाना चाहिए । जोतने की क्रिया से नीचे की मिट्टी ऊपर आ जाती है । मिट्टी के सूक्ष्म कणों पर प्रजापति तरंगों का संस्कार होने से धरती की बीज अंकुरित करने की क्षमता अनेक गुना बढ जाती है । खेती के उपकरण एवं बैलों पर प्रजापति तरंगें उत्पन्न करने वाले अक्षत मंत्र सहित डाले । खेत में काम करने वाले लोगों को नए कपडे देने चाहिए । इस दिन खेत में काम करने वाले लोग एवं बैलों के भोजन में पका हुआ कुम्हडा, मूंग की दाल, चावल, पूरन इत्यादि पदार्थ होने चाहिए । सुखदायक कृतियां : विविध प्रकार के मंगल गीत, वाद्य एवं पुण्य पुरुषों की कथा सुनते हुए यह दिन आनंदपूर्वक बिताएं । वर्तमान में त्योहार मनाना यानी मौज-मस्ती करने वाला दिन ऐसी संकल्पना निर्माण हुई है; हिन्दू धर्मशास्त्र अनुसार त्योहार अर्थात अधिक चैतन्य प्रदान करने वाला दिन होता है । इसलिए त्योहार के दिन सात्त्विक भोजन, सात्त्विक वेष-भूषा तथा अन्य धार्मिक कृत्य इत्यादि करने के साथ सुखदायक कृत्य करने के लिए शास्त्र में बाताया गया है । त्योहार, धार्मिक विधि के दिन या संवत्सरारम्भ के शुभ दिन में नूतन अथवा रेशमी अलंकार धारण करने से देवता के आशीर्वाद प्राप्त होते है । वस्त्र में आकृष्ट तत्त्व दीर्घकाल तक रहता है एवं यह वस्त्र वर्ष भर परिधान करने से देवता तत्त्व का लाभ वर्ष भर होता है ।


संवत्सरारम्भ के दिन की जाने वाली प्रार्थना : हे ईश्वर आज आपसे आने वाले शुभाशीर्वाद तथा ब्रह्मांड से आने वाली सात्त्विक तरंगों को अधिकतम ग्रहण कर लेना मेरे लिए संभव हो । मुझ में इन तरंगों को ग्रहण करने की क्षमता नहीं है । मैं आपकी चरणों में संपूर्ण रूप से शरणागत हूं । आप ही मुझे इन सात्त्विक तरंगों को ग्रहण करने की क्षमता दें, यही आपके चरणों में प्रार्थना है !

# जब भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने बनाया लाखों लोगों को मूर्ख

दुनियाभर में एक अप्रैल का दिन मूर्ख दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस दिन हल्के-फुल्के हंसी-मजाक के सहारे लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाकर माहौल को मनोरंजक बनाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। बहुत बार ऐसे वाकये भी सामने आते रहे हैं, जब दूसरों को मूर्ख बनाने की कोशिश में कुछ लोग स्वयं ही मूर्ख बन गए। कभी-कभार ऐसे मनोरंजक अवसर भी देखे गए हैं, जब मूर्ख दिवस के अवसर पर एक साथ हजारों की संख्या में लोग मूर्ख बन गए और वास्तविकता जानने के बाद हंसते हुए अपने-अपने घर लौट गए। सामूहिक तौर पर लोगों को मूर्ख बनाने या लोगों का मनोरंजन करने के लिए कभी-कभार दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कुछ अखबारों तथा अन्य संचार माध्यमों के जरिये भी अनोखे तरीके अपनाए जाते रहे हैं।

मूर्ख दिवस दुनियाभर में हंसने-हंसाने और हल्के-फुल्के मजाक के जरिये लोगों को बेवकूफ बनाने के दिन के रूप में सदियों से मनाया जाता रहा है लेकिन दावे के साथ यह नहीं कहा जा सकता कि मूर्ख दिवस मनाए जाने की कब और कैसे शुरू हुई थी। हालांकि माना यही जाता है कि इस दिवस को मनाने की शुरूआत फ्रांस में 1 अप्रैल 1564 से शुरू हुई थी, जब वहां के राजा ने चटपटी और मनोरंजक बातों के माध्यम से लोगों के बीच मित्रता और प्रेम भाव की स्थापना के लिए एक अनोखी सभा का आयोजन कराया था। राजा द्वारा उस अनोखी सभा के बाद अनोखा फैसला लिया गया कि अगले साल से ऐसी ही सभा का आयोजन एक अप्रैल के ही दिन प्रतिवर्ष होगा, जिसमें सबसे ज्यादा मूर्खतापूर्ण हरकतें करने वाले शख्स को मास्टर ऑफ फूल की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

बहरहाल, समय-समय पर अनेक ऐसे प्रसंग सामने आते रहे हैं, जब दुनिया की कुछ बड़ी-बड़ी



शख्सियतें भी इस दिन लोगों को मूर्ख बनाने का प्रयास करती देखी गई। ऐसा ही एक दिलचस्प वाकया आधुनिक हिन्दी साहित्य के जनक भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के साथ भी जुड़ा हुआ है। दरअसल उन्होंने एक बार ऐसी अनोखी घोषणा की कि अनायास ही उनकी बातों पर विश्वास कर लाखों लोग एक साथ मूर्ख बन गए। अब भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अगर कोई घोषणा की थी तो लोगों का उनकी बातों पर आंख मूंदकर भरोसा करना भी स्वाभाविक ही था लेकिन लोगों को क्या पता था कि वे उनके साथ मजाक कर उन्हें अप्रैल फूल रूपी हंसी-मजाक भरा तोहफा दे रहे हैं। भारतेन्दु ने घोषणा करते हुए कहा कि पहली अप्रैल के दिन एक बहुत ही पहुंचे हुए सिद्ध महात्मा काशी में गंगा नदी को पैदल ही पार करेंगे। अब ऐसी चमत्कारिक घटना को भला कौन व्यक्ति को अपनी आंखों से देखने का मौका गंवाना चाहता, इसीलिए काशी में गंगा के तट पर उनके द्वारा बताए गए दिन और नियत समय पर कई वरिष्ठ ब्रिटिश अधिकारियों सहित लाखों लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

बताए गए समय पर भारतेन्दु हरिश्चन्द्र बनारस के घाट पर पहुंच गए। उनके साथ भगवा वस्त्र धारी एक महात्मा भी थे, जो चेहरे से कोई सिद्धपुरूष ही प्रतीत हो रहे थे। भारतेन्दु ने उन महात्मा के साथ घाट पर पहुंचकर वहां उपस्थित लाखों लोगों की भीड़ का अभिवादन किया और घोषणा की कि महात्मा जी की तबीयत अभी कुछ खराब है, इसलिए वे गंगा नदी के उस पार जाने के लिए तो नाव का सहारा लेंगे लेकिन वहां से वापस लौटते समय गंगा नदी को पैदल पार करके ही इस तरफ तट तक आएंगे। अब भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की बात पर भला कौन अविश्वास करता, इसलिए लोग दम साधे उस पल की प्रतीक्षा करने लगे, जब उन्हें पैदल नदी पार करते उन अलौकिक सिद्ध महात्मा के दर्शन होते। आखिरकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्र सन्यासी के साथ एक नाव में सवार होकर गंगा नदी में दूसरे छोर की ओर जाने के लिए निकल पड़े लेकिन यह क्या! अचानक वहां एकत्रित लोगों के साथ कुछ ऐसा हुआ, जब उन्होंने स्वयं को ठगा सा महसूस किया और वे हंसते-खिलखिलाते वापस लौट गए। दरअसल गंगा में थोड़ा आगे बढ़ने पर भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने नाव से ही मूर्ख दिवस का एक बड़ा सा बैनर हवा में लहरा दिया और ब्रिटिश अधिकारियों सहित लाखों लोगों को यह समझते देर नहीं लगी कि भारतेन्दु ने पहली अप्रैल के दिन उन्हें सामूहिक रूप से मूर्ख बनाने के लिए उनके साथ यह मजाक किया था।

# रखना है ब्लड प्रेशर को कंट्रोल तो खाएं यह आहार



वैसे तो ज्यादातर लोग ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए दवाओं का सहारा लेते हैं। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट खुद नैचुरल डाइट से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखना ज्यादा बेहतर विकल्प मानते हैं। क्योंकि ब्लड शुगर लेवल का संतुलन बनाए रखने में हमारा खानपान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आजकल लोगों के बदलते लाइफस्टाइल के चलते हमें कई स्वास्थ संबंधी दिक्कतों व बीमारियों का सामना करना पड़ता है। जिनमें से हाई ब्लड प्रेशर यानि उच्च रक्तचाप की समस्या काफी आम व गंभीर होती जा रही है। धूम्रपान, एक्सरसाइज की कमी, खराब खानपान, मोटापा और तनाव जैसी वजहों से हम ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं से जूझ रहें है।

वैसे तो ज्यादातर लोग ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए दवाओं का सहारा लेते हैं। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट खुद नैचुरल डाइट से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखना ज्यादा बेहतर विकल्प मानते हैं। क्योंकि ब्लड शुगर लेवल का संतुलन बनाए रखने में हमारा खानपान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यही कारण है कि हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए सही और संतुलित डाइट ब्लड प्रेशर कंट्रोल के लिए काफी जरूरी है। औ? हाई बीपी के लिए तो कुछ चीजें ऐसी है जो हाई बीपी को कंट्रोल में रखने का काम करती हैं।

तो आइये नजर डालते हैं कुछ ऐसे आहार पर जिन्हें डाइट में शामिल करने से हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है-

चुकंदर-

एक रिसर्च के मुताबिक रोजाना एक ग्लास चुकंदर का जूस पीने से बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर कम हो सकता है। क्योंकि चुकंदर में उच्च मात्रा में फाइटोकैमिकल और एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। यह हमारे ब्लड फ्लो को बेहतर करता है जिससे बढ़े ब्लड प्रेशर में कमी आती है और ये कंट्रोल हो जाता है। आप चाहें तो चुकंदर को सेवन हर रोज सलाद की तरह भी कर सकते हैं।

खट्टे फलों का सेवन-

हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि आंवला, नींबू, अंगूर और संतरा जैसे खट्टे फलों में ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने की अचूक क्षमता होती है। इन सिटरस फ्रूट्स में कई तरह के विटामिन और मिनरल्स मौजूद होते हैं जो कि हृदय रोगों के जोखिम को कम करते हैं। साथ ही, संतरे और अंगूर का जूस पीने से भी ब्लड प्रेशर के खतरे को टाला जा सकता है।

इसे भी पढ़ें: जानिए क्या होती है ब्लड प्रेशर रीडिंग और इसे कैसे नापें

पालक-

पालक एक बहुत ही गुणकारी व हरी सब्जी है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम, पोटैशियम, फोलेट और नाइट्रेट्स भी सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। और ऐसा माना गया है कि सप्ताह में रोजाना पालक का सूप पीने वालों में हाई और लो ब्लड प्रेशर का खतरा कम हो जाता है। इसके अलावा आप इसे सब्जी, सलाद या सैंडविच में इस्तेमाल कर अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

तरबूज-

तरबूज में लाइकोपीन की मात्रा पाई जाती है जो कि हाई ब्लड प्रेशर को कम करने के साथ-साथ दिल के दौरे के खतरे को भी कम करता है। इसे देर रात खाने से और खाली पेट से बचना चाहिए। एक व्यक्ति रोजाना दो कप तरबूज खा सकता है।

स्ट्रॉबेरी-

स्ट्राबेरी हमारे हाई ब्लड प्रेशर जैसे गंभीर रोगों से हमारा बचाव करने में सक्षम है। स्ट्रॉबेरीज में पाए जाने वाला एंथोसियानिन नाम का एंटी-ऑक्सीडेंट है जो कि एक लाजवाब चीज है। इसमें प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। साथ ही स्ट्रॉबेरी में मौजूद फ्लेवोनॉइड्स और एंटीऑक्सीडेंट्स बैड कॉलेस्ट्रॉल से भी बचाव करती हैं, जिससे हमारी आर्टरिज ब्लॉक होने से बच जाती हैं।

लहसुन-

लहसुन ब्लड प्रेशर को नियंत्रण करने में मदद करता है क्योंकि इसमें एलिसिन नाम का तत्व पाया जाता है। हर रोज खाने में 2 से 3 लहसुन की कली के सेवन से आपकी बॉडी में कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स भी इस समस्या को कंट्रोल कर, राहत दिलाते हैं। इसके अलावा लहसुन ब्लड वेसेल्स में मदद कर खून के फ्लो को बेहतर बनाता है।

## पेटदर्द का कारण पिनवॉर्म तो नहीं? जानें इसके लक्षण, कारण और बचाव के उपाय

पिनवॉर्म एक प्रकार के परजीवी होते हैं जो संक्रमित व्यक्ति की आंतों में जीवित रहकर संक्रमण फैलाते हैं। ये परजीवी व्यक्ति की आँतों से खून चूसते हैं और उसके शरीर के पोषण पर जीवित रहते हैं। ये सफेद रंग के पतले धागे जैसे दिखने वाले कीड़े होते हैं इसलिए इन्हें थ्रेडवॉर्म भी कहा जाता है।

अक्सर बाहर का दूषित भोजन खाने से पेट दर्द, ऐंठन, उल्टी और संक्रमण जैसी तमाम स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। कई बार दूषित भोजन या पानी के कारण पिनवॉर्म या पेट में कीड़े की समस्या भी पैदा हो जाती है। पेट में कीड़े होना बहुत आम समस्या है। हालांकि, ये समस्या किसी को भी हो सकती है लेकिन पिनवॉर्म ज्यादातर बच्चों में पाए जाते हैं। यह कीड़े आँतों में रहकर संक्रमण फैलाते हैं। पिनवॉर्म के कारण खुजली, भूख कम लगना, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। वैसे तो पिनवॉर्म की समस्या होना आम बात है लेकिन समय से इलाज ना करने पर ये गंभीर संक्रमण का कारण बन सकते हैं। पेट में पिनवॉर्म को खत्म करने के कई घरेलू उपचार और दवाइयां उपलब्ध हैं। आज के इस लेख में हम आपको पिनवॉर्म के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय और घरेलू नुस्खों की जानकारी देंगे-

पिनवॉर्म क्या है

पिनवॉर्म एक प्रकार के परजीवी होते हैं जो संक्रमित व्यक्ति की आंतों में जीवित रहकर संक्रमण फैलाते हैं। ये परजीवी व्यक्ति की आँतों से खून चूसते हैं और उसके शरीर के पोषण पर जीवित रहते हैं। ये सफेद रंग के पतले धागे जैसे दिखने वाले कीड़े होते हैं इसलिए इन्हें थ्रेडवॉर्म भी कहा जाता है। अक्सर आम बोलचाल की भाषा में पिनवॉर्म को पेट के कीड़े बोला जाता है। पिनवॉर्म या इसके अंडे से बहुत संक्रामक होते हैं और किसी संक्रमित व्यक्ति या वस्तु के संपर्क में आने पर ये बहुत तेजी से फैलते हैं। पिनवॉर्म किसी को भी हो सकते हैं लेकिन बच्चों में इसका संक्रमण ज्यादा पाया जाता है।

कैसे फैलता है संक्रमण

पिनवॉर्म ज्यादातर दूषित जगहों पर पाए जाते हैं। दूषित पानी या खाने से पिनवॉर्म होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। संक्रमित व्यक्ति के सोने के बाद मादा पिनवॉर्म आंत से बाहर निकल कर मलद्वार (ल्ल४२) के आसपास की त्वचा पर अंडे देती है। जब हम बिना जाने इन अण्डों को अपने शरीर के अंदर ले जाते हैं तो कुछ दिनों में ये अंडे शरीर में जाकर वयस्क पिनवॉर्म में बदल जाते हैं और संक्रमण फैलाते हैं।

ये अंडे कपड़ों, बिस्तर और अन्य चीजों में आसानी से जीवित रह सकते हैं। जब कोई व्यक्ति इन संक्रमित चीजों को अपने हाथों से छूता है तो ये अंडे उसके नाखूनों और उंगलियों में चिपक जाते हैं। खाना खाने या उंगली मुंह में डालने पर यह अंडे मुंह के अंदर चले जाते हैं। ये अंडे भोजन, पानी या हवा के माध्यम से भी शरीर में पहुंच सकते हैं। इस तरह से ये शरीर में फैलते हैं और संक्रमण का कारण बनते हैं।

पिनवॉर्म के लक्षण-

मलद्वार के आसपास खुजली
भूख ना लगना
वजन कम होना
चिड़चिड़ापन
सोने में समस्या
शरीर में सूजन
घबराहट
बैचैनी

## अनचाही प्रेग्नेंसी रोकने खाएं गर्भ-निरोधक टैबलेट्स

### बरतें सावधानी

गर्भ–निरोधक का कोई भी उपाय करने से पहले डॉक्टर से दवाओं के असर, इनके असफल होने की संभावना और गर्भाशय से बाहर गर्भ धारण की संभावनाओं के बारे में पर्याप्त जानकारी प्राप्त कर लें। डॉक्टर की सलाह पर ही आप अपने लिए सही विकल्प चुनें।



किसी नन्हीं जान को धरती पर लाने का निर्णय आज के दौर में सोचा-समझा होना चाहिए। सोचिए! न चाहते हुए अगर कभी आपको कंसीव करना पड़े, तो आप उस स्थिति में क्या करेंगी? आपके पास दो ही रास्ते होंगे। या तो आप अनचाही प्रेग्नेंसी को स्वीकार करें या फिर अबॉर्शन करवाएं। अबॉर्शन यानी गर्भपात इतना आसान भी नहीं होगा। इसमें शारीरिक बल्कि मानसिक पीड़ा से भी आपको गुजरना पड़ता है। यह आपकी जान के लिए खतरा भी बन सकता है। इससे बेहतर तो यही होगा कि आप पहले से सही प्रोटेक्शन लें ताकि इस तरह की समस्या आपकी जिंदगी में आए ही नहीं। जी हां, हम बात कर रहे हैं कॉन्ट्रासेप्टिव यानी गर्भ-निरोधक उपायों की।

अब आपके मन में यह सवाल भी उठता होगा कि गर्भ-निरोधक के लिए गोली सही है या फिर इंजेक्शन। आपका सवाल जायज ही है, विशेषकर तक जब बाजार में कई सारे विकल्प हों। आपको यहां हम कुछ विकल्पों के बारे में बता रहे हैं:

**आई पिल्सः** अनचाही प्रेग्नेंसी को रोकने का सबसे सटीक उपाय है इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स, जैसे कि आई पिल। यह पिल्स असुरक्षित सेक्स या किसी अन्य कॉन्ट्रोसेप्टिव के नाकाम होने के बाद अनचाही प्रेगनेन्सी को रोकने का एक सुरक्षित और सरल तरीका है। यह तीन तरीके से काम करती हैः पहला यह ओवरी से निकलने वाले एग्स को बाहर आने से रोकती है।

दूसरा, अगर कोई एग बाहर आ गया है, तो ये स्पर्म को उसे फर्टिलाइज करने से रोकती है और तीसरा, अगर एग पहले ही फर्टिलाइज हो चुका है, तो ये उसे गर्भाशय से जुड़ने से रोकती है। लेकिन यह तभी सफल होता है, जब इसे असुरक्षित सेक्स के बाद जल्द-से-जल्द, यानी 72 घंटों के भीतर ले लिया जाए।जितनी जल्द आप इसका इस्तेमाल करेंगी, उतना ही ज्यादा असरदार सिद्ध होगा। यह विकल्प सुरक्षित तो है, लेकिन रेग्युलर बर्थ कंट्रोल के तौर पर इसका लगातार प्रयोग करना ठीक नहीं है। इसे एक महीने में एक से ज्यादा बार इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन इसे एक इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्टिव के तौर पर ही इस्तेमाल करें। ये इमरजेंसी पिल्स आपको अबॉर्शन के शारीरिक व मानसिक कष्ट से तो बचाती ही है, हॉस्टिपल के भागदौड़ और खर्चों से भी छुटकारा दिलाती है।

### ये भी हो सकते है विकल्प

**गर्भनिरोधक गोलियां-** गर्भनिरोधक गोलियां जिन्हें सामान्यतः 'पिल्स' कहा जाता है, ओस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टोजेन का सम्मिलित रूप हैं। गर्भनिरोधक गोलियों के नियमित इस्तेमाल से पीरियड्स कम पीड़ादायक और नियमित हो जाता है। हालांकि कुछ महिलाओं को गर्भनिरोधक गोलियों के लगातार इस्तेमाल से सिर दर्द, थकावट, त्वचा संबंधी परेशानियां आदि समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है।

**मिनी पिल्सः** गर्भनिरोधक गोलियों का एक विकसित रूप अब उपलब्ध है, जिसे मिनी पिल (प्रोजेस्टिन ओनली पिल्स) कहते हैं। यदि आप स्तनपान करवा रही हैं, तो यह शरीर में दूध बनने की प्रक्रिया को बदलती नहीं हैं। जब शरीर को पीओपी यानी मिनी पिल की आदत पड़ जाती है, तो इसका कुछ नकारात्मक असर भी दिखने लगता है, जिसमें सिर दर्द आदि प्रमुख है। सामान्यतः दो महीने के बाद ये परेशानियां खत्म हो जाती हैं, पर अगर यही लक्षण लंबे वक्त तक दिखें, तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें।

**इन्ट्रा युटरीन डिवाइस** (आईयूडा- यह टी अल्फाबेट की आकृति में छोटा-सा, प्लास्टिक का यंत्र है जिसके अंत में धागा लगा रहता है। गर्भधारण को रोकने के लिए आईयूडी को गर्भाशय के अंदर लगाया जाता है। इसमें कॉपर आईयूडी या कॉपर टी ज्यादा प्रचलन में है। इसमें प्लास्टिक ट्यूब के अंदर कॉपर की तार लगी रहती है। एक नई हारमोन कॉपर टी भी उपलब्ध है, जो सामान्य कॉपर टी ज्यादा प्रभावशाली होता है। कॉपर टी को आप पांच से दस साल के लिए लगवा सकती हैं। इन सब के अलावा इंजेक्शन, फीमेल कंडोम आदि भी गर्भनिरोधक के अन्य विकल्प हैं।

## यूं रखें दांतों को स्वस्थ

**यह सही है कि दांत के दर्द का इलाज महंगा होता है लेकिन अगर थोड़ी सावधानी बरती जाए और कुछ आदतें डाल ली जाएं तो आप लंबे समय तक दांतो के डॉक्टर के पास जाने से बच सकते है क्योंकि डेंटिस्ट के पास लगातार जाना किसी सिरदर्द से कम नही है। यहां पेश है ऐसे ही 10 खास तरीके जिन्हे आजमा कर आप चमकती मुस्कान पा सकते है।**

1. दिन में कम से कम आठ से दस ग्लास पानी पिएं। जितना पानी आप पिएंगें उतना ही आपके दांत साफ होंगें। इसके अलावा यह चाय, कॉफी, शराब, सोडा आदि के दागों को भी दांतों से मिटाने में कारगर साबित होगा।
2. अपने खाने में फल और सब्जी शामिल करें। सेब, खीरा, गाजर आपके दांतों को प्राकृतिक रूप से साफ करते हैं। यह आपके दांतों में फंसे खाने को भी निकालते हैं और मसूड़ों की समस्या दूर होती है।
3. खाने के बाद पनीर का टुकड़ा खाने से आपके दांत चमकदार रहते हैं।
4. च्यूइंगम खाने से सलाइवा का निर्माण होता है जो आपके दांतों से प्लाक एसिड को साफ करता है। साथ ही आपके दांतों के इनैमल को मजबूत बनता है।



5. जूस और सोडा पीने के बाद ब्रश नहीं करना चाहिए। हो सके तो कॉफी और वाइन स्ट्रॉ से पिएं। इससे इनका सीधा संपर्क आपके दांतों से नहीं हो पाएगा और आपके दांत हमेशा चमकते रहेंगें।
6. हमेशा सॉफ्ट ब्रश का इस्तेमाल करें। अगर आप सख्त ब्रश का इस्तेमाल करते हैं तो उसे कुछ देर गर्म पानी मे डुबोकर फिर ब्रश करें।
7. चॉकलेट व कैंडी बार भी आपके दांतों के लिए नुकसानदेह हैं। इनकी जगह बादाम, वेजमाइट क्रैकर्स चीज के साथ दही और ताजा फल आदि खाना चाहिए।
8. दांतों के साथ ही जीभ की सफाई भी जरूरी है। टंग क्लीनर का इस्तेमाल रोजाना करें। यह आपके दांतों को हाईजीनिक बनाएं रखता है, साथ ही मुंह से आने वाली बदबू को भी दूर करता है।
9. चीनी और स्टॉर्च का इस्तेमाल कम से कम करना चाहिए। यह बैक्टीरिया पैदा करते हैं जो आपके दांतों को नुकसान पहुंचाते हैं।
10. खाने के बाद दांतों को हाइड्रोजन पेरॉक्साइड से साफ करना चाहिए, ताकि आपके दांतों से बैक्टीरिया दूर हों और वे सुंदर दिखें। मगर हमेशा एक बात का ध्यान रखें कि हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को निगलना नहीं चाहिए। इससे सिर्फ गरारे करने चाहिए।

## भूखे रहकर न घटाए वजन



यदि आप सोचती है भूखे रहकर वजन घटाना सही है तो यह गलत है। भूखे रहने से न सिर्फ आपके शरीर को नुकसान पहुंचता है बल्कि यह भी हो सकता है कि एक समय बाद आपका वजन और बढ़ जाए।

इसलिए व्यायाम विशेषज्ञों से लेकर चिकित्सकों तक सभी संतुलित और पौष्टिक भोजन एवं एक्सरसाइज के साथ वजन घटाने की सलाह देते हैं न कि भूखे रहने की। बैलेंस डाइट आपके शरीर को सही मात्रा में ऊर्जा देने के अलावा क्रियाशील बनाए रखने में भी मदद करती है। इसलिए ब्रेकफास्ट से लेकर लंच और डिनर तक हर चीज आपके लिए महत्वपूर्ण है। वह भी वक्त पर तथा पौष्टिक तत्वों के साथ।

भूखे रहने से आपके शरीर में पौष्टिक तत्वों की कमी तो होती ही है, बल्कि आप डायबिटीज, उच्च रक्तचाप आदि जैसी कई जीवनशैली जनित बीमारियों के शिकार भी आसानी से बन सकते हैं।

आपकी मसल्स को स्वस्थ तथा क्रियाशील बने रहने के लिए रोज नियमित रूप से पौष्टिक भोजन की आवश्यकता होती है। भूखे रहने से न केवल शरीर की मेटाबॉलिज्म रेट पर विपरीत असर पघ्ता है बल्कि आपका शरीर और तेजी से फैट्स स्टोर करने लगता है। यही कारण है कि जो लोग भूखे रहकर वजन घटाना चाहते हैं वे जब नॉर्मल डाइट पर भी आते हैं तो उनका वजन पहले से कहीं ज्यादा बघ् जाता है।

इसलिए अगर आप फिट रहना चाहते हैं या वजन घटाना चाहते हैं तो पेटभर कर संतुलित और पौष्टिक भोजन खाइए और नारियल के पानी में दूध से ज्यादा पोषक तत्व होते हैं क्योंकि इसमें कोलेस्ट्रोल और वसा की मात्ना नहीं है। नारियल पानी में बेहद गुण पाए जाते हैं। इसमें बहुत ज्यादा मात्ना में इलेक्ट्रोलाइट और पोटेशियम पाया जाता है, जो ब्लड प्रेशर और दिल की गतिविधियों को दुरूस्त करने में सहयोगी होता है।

## वाकाओ फिल्म्स को 'रॉकी' के हिंदी रीमेक अधिकार

**चेन्नई (आईएएनएस)।** निर्देशक अरुण मथेश्वरन की समीक्षकों द्वारा प्रशंसित तमिल फिल्म रॉकी के हिंदी रीमेक अधिकार वाकाओ फिल्म्स द्वारा अधिग्रहित किए गए हैं। घोषणा करने के लिए ट्विटर पर, राउडी पिक्चर्स ने कहा, हमें यह बताते हुए बहुत खुशी



हो रही है कि रॉकी के हिंदी रीमेक अधिकार वाकाओ फिल्म्स द्वारा हासिल कर लिए गए हैं। हालांकि तमिल फिल्म ने सिनेमाघरों में इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन कई मशहूर हस्तियों ने फिल्म की प्रशंसा की है। अभिनेता धनुष ने फिल्म को एक पूर्ण रत्न कहा था। अभिनेता निर्देशक अरुण मथेश्वरन के साथ एक फिल्म करना चाहते है। रॉकी की दिलचस्प बात यह है कि इसमें कोई महिला प्रधान नहीं है।

## चैत्र नवरात्रि के साथ नव संवत्सर शुरू



**पंडित चंद्र प्रकाश अग्निहोत्री**
ज्योतिष विशारद

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, चैत्र माहकी शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को चैत्र नवरात्रि का त्योहार मनाया जाएगा। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। इस साल चैत्र नवरात्रि का त्योहार शनिवार, 2 अप्रैल 2022 से शुरू होगा और सोमवार, 11 अप्रैल 2022 को समाप्त होगा। मां दुर्गा को सुख, समृद्धि और धन की देवी माना जाता है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के 9 स्वरुपों की पूजा करने से व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है। जो भक्त पूरी श्रद्धा से मां दुर्गा की पूजा करता है । उसे माता का खास आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### शुभ मुहूर्त

चैत्र कलश स्थापना शनिवार, अप्रैल 2

चैत्र नवरात्रि कलश स्थापना का मुहूर्त - सुबह 06 बजकर 22 मिनट से 08 बजकर 31 मिनट तक

घटस्थापना का अभिजित मुहूर्त - 12 बजकर 08 मिनट से 12 बजकर 57 मिनट तक घटस्थापना मुहूर्त प्रतिपदा तिथि पर है।


प्रतिपदा तिथि प्रारम्भ - अप्रैल 01, 2022 को सुबह 11 बजकर 53 मिनट से शुरू ।

प्रतिपदा तिथि समाप्त - अप्रैल 02, 2022 को सुबह 11 बजकर 58 मिनट तक।

**चैत्र नवरात्रि कलश स्थापना पूजन विधि :** नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापित किया जाता है। कलश स्थापना से पहले मंदिर की अच्छी तरह से सफाई करें और उत्तर पूर्व दिशा मे ईशान कोण मे किसी जगह का चयन कर गंगाजल से शुद्ध कर एक लाल कपड़ा बिछाएं। इसके बाद इस कपड़े पर थोड़े से चावल रखें। एक मिट्टी के चौड़े बर्तन में जौ बोएं। अब इस पात्र में पानी से भरा कलश रख दें। कलश पर कलावा बांधे इसके अलावा कलश में सुपारी, सिक्का, अक्षत डालें, अब इसमें अशोक के पत्ते या आम के पत्ते रखें और इसके ऊपर चुनरी लपेटकर एक नारियल रख दें। नारियल पर कलावा बांध लें। नारियल को कलश में रखते हुए मां दुर्गा का आवाहन करें। इसके बाद दीप जलाकर पूजा कर करें।

किस वाहन पे मातारानी सवार होकर आएंगी। इसका निर्णय वार के अनुसार किया जाता है। इस बारे में इस श्लोक में उल्लेख है ।

शशिसूर्ये गजारूढ़ा शनिभौमे तुरंगमे। गुरौ शुक्रे च दोलायां बुधे नौका प्रकीर्त्तितागजे च जलदा देवी छत्र भंगस्तुरंगमे । नौकायां सर्व सिद्धि स्यात डोलायां मरणं ध्रुवम ।।



श्लोक के अनुसार, नवरात्रि जिस दिन शुरू हो रही है । उसी के आधार पर मां अपने वाहन पर सवार होकर आती है। अगर नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रहे है तो मां का वाहन हाथी होता है जो अत्यंत जल की वृष्टि कराने वाला संकेत



होता है। इसी तरह अगर नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है तो मां का वाहन घोड़ा होता है । जो राज परिवर्तन का संकेत देता है। इसके अलावा गुरुवार या शुक्रवार से शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती हैं जो रक्तपात, तांडव, जन-धन हानि का संकेत बताता है। वही बुधवार से नवरात्रि आरंभ हो रही है तो मां नाव पर सवार होकर आती है और अपने भक्तों के हर कष्ट को हर लेती और सुख शांति रहती है । वार के हिसाब से ही मां जाती है अपने वाहन से ।

**शशिसूर्ये दिने यदि सा विजया महिषागमने रुज शोककरा । शनि भौम दिने यदि सा विजया चरणायुध यानि करी विकला । बुध शुक्र दिने यदि सा विजया गजवाहन गा शुभ वृष्टि का । सुरराजगुरौ यदि सा विजया नरवाहन गा शुभ सौख्य करा ।**

इस श्लोक के अनुसार, अगर नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार को हो रहा है तो मां भैसे की सवारी से जाती है। इसका संकेत होता है कि देश में शोक और रोग बढ़ेंगे। शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां मुर्गे पर सवार होकर जाती है। इसका मतलब है कि दुख और कष्ट की वृद्धि होती है।

**मां दुर्गा के आगमन की सवारी और महत्व :** इस साल 02 अप्रैल दिन शनिवार को चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ हो रहा है। दिन के आधार पर इस साल मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर पृथ्वी पर आएंगी। घोड़े को युद्ध का प्रतीक माना जाता है। इस नवरात्रि मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही है और भैंसे पर सवार होकर प्रस्थान करेंगी। इन दोनों ही वाहनों को अच्छा नही माना गया है।

वही बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि समाप्त हो रही है तो मां की वापसी हाथी पर होती है जो अति वृष्टि सूचक है। इसके साथ ही अगर नवरात्रि का समापन गुरुवार को हो रहा है तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार होकर जाती है जो सुख और शांति की वृद्धि होती है।

### कैलेंडर

- पहला दिन नवरात्रि, घटस्थापना, मां शैलपुत्री पूजा- 2 अप्रैल दिन शनिवार
- दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी पूजा - 3 अप्रैल दिन रविवार
- तीसरा दिन मां चंद्रघंटा पूजा - 4 अप्रैल दिन सोमवार
- चौथा मां कुष्मांडा पूजा - 5 अप्रैल दिन मंगलवार
- पांचवा दिन मां स्कंदमाता पूजा - 6 अप्रैल दिन बुधवार
- छठा दिन मां कात्यायनी पूजा - 7 अप्रैल दिन गुरुवार
- सातवां दिन मां कालरात्रि पूजा महासप्तमी - 8 अप्रैल दिन शुक्रवार
- आठवां दिन मां महागौरी पूजा अष्टमी, दुर्गा अष्टमी, कन्या पूजन - 9 अप्रैल दिन शनिवार
- नौवां दिन रामनवमी राम जन्मोत्सव 10 अप्रैल दिन रविवार

## AMPAS ने कहा- थप्पड़ मामले में 'उचित कार्रवाई' होगी

**लॉस एंजिलिस (भाषा)।** अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने कहा है कि वह 2022 के ऑस्कर समारोह के दौरान हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ के व्यवहार से खफा और बेहद क्षुब्ध है। रविवार को पुरस्कारों के 94वें संस्करण दौरान मंच पर स्मिथ ने अभिनेता-हास्य कलाकार क्रिस रॉक को थप्पड़ मार



दिया था। एएमपीएएस के अध्यक्ष डेविड रुबिन और सीईओ डॉन हडसन ने अकादमी के सदस्यों को एक पत्र भेजा, जिसमें वादा किया गया है कि संगठन आधिकारिक प्रक्रिया के बाद घटना के बारे में उचित कार्रवाई करेगा जिसमें कुछ सप्ताह लगेंगे। पत्र में कहा गया है, हम श्री स्मिथ के व्यवहार की निंदा करते हैं। अकादमी का शासक मंडल श्री स्मिथ पर उचित कार्रवाई करने को लेकर दृढ संकल्प है।


## 'मिशन इम्पॉसिबल' के प्री-रिलीज इवेंट में नजर आएंगे चिरंजीवी

**हैदराबाद (आईएएनएस)।** मेगास्टार चिरंजीवी तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म मिशन इम्पॉसिबल के प्री-रिलीज इवेंट में शिरकत करेंगे।'मिशन इम्पॉसिबल' के निर्माताओं ने हैदराबाद में एक प्री-रिलीज कार्यक्रम की व्यवस्था की है, जिसमें चिरंजीवी मुख्य अतिथि होंगे। निरंजन रेड्डी 'मिशन इम्पॉसिबल' के निर्माता हैं। इसलिए, निर्माता, जो मेगास्टार के साथ अच्छे संबंध साझा करते हैं, ने उन्हें इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। तापसी पन्नू अभिनीत 'मिशन इम्पॉसिबल' नामक क्राइम कॉमेडी का निर्देशन स्वरूप आरएसजे ने किया है। 1 अप्रैल को रिलीज होने वाली 'मिशन इम्पॉसिबल' ने पहले ही सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है, टीम द्वारा जारी किए गए ट्रेलर ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है।



## डब्ल्यूएचओ ने की नवजात शिशुओं की गुणवत्तापूर्ण देखभाल की मांग

**जिनेवा (आईएएनएस)।**



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को प्रसवोत्तर अवधि में महिलाओं और नवजात शिशुओं का जन्म के पहले छह सप्ताह में देखभाल करने के लिए अपना पहला वैश्विक दिशानिर्देश जारी किया। दुनिया भर में, दस में से तीन से अधिक महिलाओं और शिशुओं को वर्तमान में जन्म के बाद पहले दिनों में प्रसवोत्तर देखभाल नहीं मिलती है। प्रसव के शारीरिक और भावनात्मक परिणाम - चोटों से लेकर बार-बार होने वाले दर्द और आघात तक - अप्रबंधित होने पर दुर्बल हो सकते हैं, लेकिन जब सही समय पर सही देखभाल दी जाती है तो अक्सर अत्यधिक उपचार योग्य होते हैं। डब्ल्यूएचओ में मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य और उम्र बढ़ने के निदेशक डॉ अंशु बनर्जी ने एक बयान में कहा कि एक बच्चे के जन्म के बाद गुणवत्तापूर्ण मातृत्व और नवजात देखभाल की आवश्यकता समाप्त नहीं होती है।

एक बच्चे का जन्म एक जीवन बदलने वाला क्षण होता है, जो प्यार, आशा और उत्साह से बंधा होता है, लेकिन यह अभूतपूर्व तनाव और चिंता भी पैदा कर सकता है। माता-पिता को मजबूत स्वास्थ्य देखभाल और समर्थन प्रणाली की आवश्यकता होती है, विशेष रूप से महिलाओं की, जिनकी बच्चा पैदा होने के बाद अक्सर उपेक्षा कर दी जाती है। तत्काल स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के अलावा, जन्म के बाद के ये पहले सप्ताह संबंध बनाने और दीर्घकालिक शिशु विकास और स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले व्यवहारों को स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। दिशानिर्देशों में स्तनपान परामर्श के लिए सिफारिशें और अपने नवजात शिशुओं के लिए उत्तरदायी देखभाल प्रदान करने में माता-पिता का समर्थन करना शामिल है। इसमें जन्म के बाद कम से कम 24 घंटे तक सभी महिलाओं और शिशुओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में उच्च गुणवत्ता देखभाल शामिल हैं। उदाहरण के लिए, चेकअप का हिस्सा बनकर साथी की भागीदारी को प्रोत्साहित करना, साथ ही महिला को सहायता प्रदान करना और नवजात शिशु की देखभाल करना और प्रसवोत्तर मातृ अवसाद और चिंता के लिए स्क्रीनिंग करना।

## बालकृष्ण की एनबीके107 का फर्स्ट लुक जल्द



**हैदराबाद (आईएएनएस)।** नंदामुरी बालकृष्ण अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका टाइटल 'एनबीके107' है। फिल्म शूटिंग चल रही है, इसलिए इसे 'एनबीके107' नाम दिया गया है। अब मेकर्स के पास कुछ बड़ी योजना है, उम्मीद है कि फिल्म का नया टाइटल और फर्स्ट लुक जल्द ही सामने आएगा। उगादी के अवसर पर नंदमुरी बालकृष्ण की 'एनबीके107' का फर्स्ट लुक और शीर्षक घोषणा पोस्टर का अनावरण किया जाएगा। क्रैक' फेम गोपीचंद मल्लिनेनी द्वारा अभिनीत, फिल्म को एक बड़े पैमाने पर, व्यावसायिक मनोरंजन के लिए बनाया गया है। श्रुति हासन पहली बार बालकृष्ण के साथ अभिनय करेंगी, जबकि फिल्म में तमिल अभिनेत्री वरलक्ष्मी शरतकुमार मुख्य भूमिकाओं में होंगी। 'एनबीके107' कन्नड़ अभिनेता दुनिया विजय की तेलुगु में पहली फिल्म है। नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर मैत्री मूवी मेकर्स के तहत फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।

## 'जे बेबी' का फर्स्ट लुक रिलीज हुआ



**चेन्नई (आईएएनएस)।** निर्देशक सुरेश मारी की जे बेबी का पहला लुक बुधवार को जारी किया गया, जिसमें अभिनेता उरवासी, दिनेश और मारन मुख्य भूमिका में हैं और प्रसिद्ध निर्देशक पा रंजीत ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर इसका निर्माण किया है। फिल्म के निर्माताओं में से एक, निर्देशक पा रंजीत ने ट्विटर पर कहा, ये रहा जे बेबी का फर्स्ट लुक, धन्यवाद दिनेश। फिल्म, जिसमें टोनी ब्रिटो का संगीत है, में जयंत सेतु माधवन की छायांकन होगा। फिल्म का संपादन शनमुगम वेलुसामी करेंगे और कला निर्देशन रामू थंगराज करेंगे। निर्देशक बनने से पहले, सुरेश मारी ने निर्देशक वेंकट प्रभु और पा रंजीत के सहायक निर्देशक के रूप में काम किया था।



**मुंबई : अपनी आने वाली फिल्म 'जर्सी' के प्रमोशन कार्यक्रम में पोज देतीं अभिनेत्री मृणाल ठाकुर।**

## मैंने विल स्मिथ को कभी ऐसे रिएक्ट करते नहीं देखा

**लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)।** विल स्मिथ के थप्पड़ विवाद पर 'बैड बॉयज' फिल्म के निर्माता माइकल बे ने कहा है कि उन्होंने 53 वर्षीय स्टार को पहले कभी ऐसे रियेक्ट करते नहीं देखा है। यह पूछे जाने पर कि क्या क्रिस को पीटने के कुछ ही मिनटों बाद और सर्वश्रेष्ठअभिनेता का पुरस्कार हासिल करने के बाद, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज को विल को पहले ऑस्कर से वंचित कर देना चाहिए था? माइकल ने कहा कि मैं नियमों को नहीं जानता। मुझे नहीं पता, लेकिन यह विल से थोड़ा अलग था।



फीमेलफर्स्ट.को.यूके की रिपोर्ट के अनुसार, वह एक अच्छा लड़का है, मैंने उसे कभी ऐसे पागलपन करते नहीं देखा है। मैंने अभी क्लिप देखी है। वह सिर्फ गुस्सा करने वाला लड़का नहीं है। वह एक शानदार इंसान है। फॉक्स न्यूज डिजिटल द्वारा प्राप्त एक वीडियो में, बे ने क्रिस को लेकर कहा, मुझे क्रिस के साथ फिल्मों में काम करना है, मेरा मतलब है, मैं क्रिस को जानता हूं, और उसने इसे बहुत अच्छी तरह से संभाला है। इसलिए मुझे आश्चर्य है कि क्या यह सेट किया गया था।

## हाइड्रोजन-संचालित इलेक्ट्रिक कार से संसद पहुंचे गडकरी




**नई दिल्ली (भाषा)।**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को हाइड्रोजन से संचालित अपनी नई इलेक्ट्रिक कार से संसद भवन पहुंचे। गडकरी वैकल्पिक ईंधन से संचालित वाहनों के उपयोग पर जोर देते हैं।

अपने आवास के बाहर 'हरित हाइड्रोजन' से संचालित यह वाहन दिखाते हुए गडकरी ने हरित हाइड्रोजन, एफसीईवी प्रौद्योगिकी और इसके लाभ के बारे में जागरूकता फैलाने की जरूरत रेखांकित की ताकि वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा मिले और प्रदूषण को भी कम किया जा सके। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने अपनी कार से संसद भवन की ओर रवाना होने से पहले संवाददताओं से कहा कि भारत जल्द ही हरित हाइड्रोजन निर्यातक देश बनेगा। गडकरी की यह कार देश में अपनी तरह की पहली कार है।

**■ कहा, भारत जल्द ही हरित हाइड्रोजन निर्यातक देश बनेगा**

उन्होंने कहा 'भारत जल्द ही हरित हाइड्रोजन निर्यातक देश बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत में स्वच्छ और अत्याधुनिक गतिशीलता के दृष्टिकोण के अनुसार, हमारी सरकार राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के माध्यम से हरित और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है।' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस और पेट्रोलियम की कीमत में लगातार हो रही वृद्धि की वजह से आम आदमी की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं।

हरित हाइड्रोजन का उत्पादन पानी से किया जाता है और उससे वाहन चलता है। गडकरी ने यह भी कहा कि सरकार कार्बनिक अपशिष्ट (ऑर्गनिक अपशिष्ट) से भी हाइड्रोजन उत्पादन के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हरित हाइड्रोजन पेट्रोल की तुलना में सस्ता है। मंत्री ने कहा कि जिस तरह इस्पात उद्योग, रसायन उद्योग और फर्मास्युटिकल उद्योग में कोयले और गैस का इस्तेमाल होता है उसी तरह हरित हाइड्रोजन का उपयोग भी उद्योगों में होगा। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी क्रांति होगी जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होंगे।

## सोनी ने की नए प्लेस्टेशन प्लस सब्सक्रिप्शन की घोषणा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।**

सोनी ने आखिरकार प्लेस्टेशन के लिए एक नई वीडियो गेम सदस्यता सेवा शुरू की है, जो एक्सबॉक्स गेम पास के लिए लंबे समय से अफवाह रही है। सोनी के प्लेस्टेशन प्लस और प्लेस्टेशन नाओ को ग्राहकों के लिए एक ही विकल्प में शामिल किया जाएगा और सामूहिक रूप से प्लेस्टेशन प्लस कहा जाएगा। सोनी इंटरएक्टिव एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष और सीईओ जिम रयान ने एक बयान में कहा, हमारी सदस्यता सेवाओं में आने वाले परिवर्तनों के बारे में आधिकारिक समाचार आपके साथ साझा करते हुए हमें प्रसन्नता हो रही है। इस जून में, हम प्लेस्टेशन प्लस और प्लेस्टेशन नाओ को एक नई प्लेस्टेशन प्लस सदस्यता सेवा में एक साथ ला रहे हैं, जो तीन सदस्यता स्तरों में ग्राहकों को अधिक विकल्प प्रदान करती है।




सोनी इंटरएक्टिव एंटरटेनमेंट (एसआईई) के मुताबिक नई सब्सक्रिप्शन सर्विस तीन स्तरों में उपलब्ध कराई जाएगी। पहला प्लेस्टेशन प्लस एसेंशियल है, जो मूल रूप से अपनी वर्तमान स्थिति में सेवा है और यूजर्स को मल्टीप्लेयर तक पहुंच के साथ हर महीने कम से कम 2 मुफ्त गेम प्रदान करता है। प्लेस्टेशन प्लस एक्स्ट्रा नामक अगला टियर खिलाड़ियों को 400 डाउनलोड करने योग्य गेम की एक सूची प्रदान करेगा। शीर्ष स्तरीय विकल्प में 340 अतिरिक्त गेम्स के साथ-साथ आवश्यक और अतिरिक्त स्तरों के सभी लाभ शामिल होंगे।

**■ सोनी ने यह भी आश्वासन दिया है कि अधिकांश प्लेस्टेशन नेटवर्क क्षेत्रों में 2022 की पहली छमाही के अंत तक नई प्लेस्टेशन प्लस सेवा होगी**

दिलचस्प बात यह है कि इसमें पीएस3 गेम्स भी शामिल होंगे, जिन्हें क्लाउड स्ट्रीमिंग के जरिए उपलब्ध कराया गया है। लॉन्च के समय, सोनी ने डेथ स्ट्रैंडिंग, गॉड ऑफ वॉर, मार्वल के स्पाइडर-मैन, मार्वल के स्पाइडर-मैनः माइल्स मोरालेस, मॉर्टल कोम्बैट 11 और रिटर्नल जैसे गेम्स को शामिल करने की योजना बनाई है। सोनी ने यह भी आश्वासन दिया है कि अधिकांश प्लेस्टेशन नेटवर्क क्षेत्रों में 2022 की पहली छमाही के अंत तक नई प्लेस्टेशन प्लस सेवा होगी।

# शिवपाल को राज्यसभा में भेज, पुत्र को जसवंत नगर से उतर सकती हैं भाजपा

लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) के संस्थापक शिवपाल यादव के अगले कदम पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अपने भतीजे अखिलेश यादव से नाराज चल रहे शिवपाल के भारतीय जनता पार्टी के संग जाने की अटकलें हैं। बुधवार शाम मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के बाद शिवपाल का पाला बदलना तय माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से भी शिवपाल की मुलाकात हो चुकी है। प्रसपा प्रमुख और जसवंतनगर के विधायक शिवपाल ने भतीजे अखिलेश से नाराजगी के बीच बुधवार की रात मुख्यमंत्री योगी से मिलने उनके सरकारी आवास पहुंचकर सभी को चौंका दिया। दोनों के बीच करीब 20 मिनट बातचीत हुई। शिवपाल के निकलने के तुरंत बाद वहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पहुंचे। तेजी से बदले इस घटनाक्रम के बाद प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है।

अभी यह साफ नहीं हुआ है, कि वह भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले हैं, या अपनी पार्टी को एनडीए का हिस्सा बनाएंगे। सूत्रों का कहना है कि अधिक संभावना बीजेपी में शामिल होने की है।



भाजपा उन्हें राज्यसभा सदस्य बनाने का प्रस्ताव दे रही है। वहीं जसवंतनगर की खाली होने वाली सीट पर शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को चुनाव लड़ाया जाएगा। शिवपाल विधानसभा चुनाव में बेटे के लिए टिकट चाहते थे, लेकिन अखिलेश ने मना कर दिया। वह बेटे के भविष्य को लेकर भी चिंतित हैं। भाजपा के फॉम्युर्ले के तहत उनकी यह चिंता दूर होगी। अखिलेश की ओर से आजमगढ़ की सीट खाली होने के बाद इस पर छह महीने के भीतर उपचुनाव होना है। चर्चा यह भी है कि शिवपाल को भाजपा इस सीट से उतार सकती है। यह सीट सपा के लिए सुरक्षित मानी जाती है। लेकिन सपा कार्यकताओं के बीच अच्छी पकड़ रखने वाले शिवपाल के सीट से उतारे जाने से भाजपा को परिणाम हक में आने की उम्मीद है। भाजपा हर हाल में लोकसभा उपचुनाव में जीत दर्ज करना चाहेगी, जिससे 2024 से पहले एक और सकारात्मक संदेश दे सके। शिवपाल का मुख्यमंत्री योगी से अचानक मिलना अपने आप में प्रदेश की राजनीति में बड़े उलटफेर के संकेत दे रहा है। सवाल है कि शिवपाल यादव का अगला कदम आखिर क्या होगा? क्या वह बहू अपर्णा की तर्ज पर भाजपा की शरण में नहीं जाएंगे? वैसे पिछले लोकसभा चुनाव से पहले उनके भाजपा में जाने की पूरी बिसात बिछ चुकी थीं लेकिन बाद में शिवपाल खुद ही पीछे हट गए। वजह साफ है, बड़े भाई मुलायम सिंह यादव के हाथ से सपा की बागडोर जाने के बाद शिवपाल का राजनीतिक घर ही पराया हो गया। राजनीतिक मजबूरियों के चलते विधानसभा चुनाव में अखिलेश के साथ आए लेकिन पहले वाला सम्मान न मिलने की कसक उनके दिल में हर मौके पर दिखी। मुलायम के सपा मुखिया रहते शिवपाल हमेशा नंबर दो की हैसियत में रहे। उनका सम्मान होता रहा। मगर, सपा की कमान अखिलेश के हाथ में आने के बाद सम्मान न मिलने की वजह से यह दूरियां बढ़ती गईं।

# कोर्ट ने येदियुरप्पा के खिलाफ विशेष आपराधिक केस दर्ज करने का दिया आदेश

बेंगलुरु। बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के खिलाफ भूमि से संबंधित एक मामले में कथित भ्रष्टाचार को लेकर एक विशेष आपराधिक मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। यह मामला उस समय का है जब येदियुरप्पा 2006-07 में बीजेपी-जनता दल (सेक्लुर) गठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। कर्नाटक में निर्वाचित सांसदों-विधायकों से संबंधित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए विशेष रूप से स्थापित विशेष अदालत के सत्र न्यायाधीश बी जयंत कुमार ने वासुदेव रेड्डी की एक निजी शिकायत के आधार पर 26 मार्च को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है, 'भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(डी) आर-डब्ल्यू धारा 13(2) के तहत दंडनीय अपराध के लिए आरोपी नंबर 2 बी एस येदियुरप्पा के खिलाफ एक विशेष आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। सीआरपीसी की धारा 204 (2) के तहत आवश्यक गवाहों की सूची दाखिल करने के बाद ही आरोपी नंबर दो को उनकी



उपस्थिति के लिए समन जारी करें, और प्रक्रिया शुल्क का भुगतान किया जाए। शिकायतकर्ता के अनुसार, कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम के तहत राज्य सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी उद्यान स्थापित करने के लिए बेलंदूर, देवरबीसनहल्ली, करियाम्मना अग्रहारा और अमानीबेलंदूर खाने में 434 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि येदियुरप्पा के खिलाफ प्रथमदृष्टया मामला बनता है। अदालत ने कहा, 'मेरा यह मत है कि अभियुक्त के विरुद्ध विशेष आपराधिक मामला दर्ज करके और अभियुक्त संख्या दो को पेश होने के लिए समन जारी करके उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए पर्याप्त सामग्री है और शिकायतकर्ता को अभियुक्त संख्या दो के विरुद्ध अपने आरोप सिद्ध करने का अवसर प्रदान करता है। वासुदेव रेड्डी द्वारा 2013 में दायर की गई मूल शिकायत में येदियुरप्पा दूसरे आरोपी है, जिसमें तत्कालीन उद्योग मंत्री आर वी देशपांडे आरोपी नंबर एक थे। हालांकि, देशपांडे के खिलाफ मामला 2015 में हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

## पीएम मोदी, योगी और शाह पर विवादित बयान देने वाले कव्वाल के खिलाफ केस दर्ज

रीवा। मध्य प्रदेश के रीवा में उर्स के दौरान एक कव्वाल ने विवादित टिप्पणी कर दी। कव्वाल नवाज शरीफ ने कहा कि मोदीजी कहते हैं हम हैं, योगी जी कहते हैं हम हैं, अमित शाहजी कहते हम हैं, अगर गरीब नवाज चाह ले तब हिंदुस्तान कहां था, कहां है, कहां पर बसा था, पता नहीं चलेगा। इसके बाद कव्वाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

दरअसल, मनगवां में कव्वाल का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। यह पूरा वाक्या 28 मार्च को मनगवां के उर्स कव्वाली मंच का है। कव्वाल नवाज शरीफ ने कहा, 'मोदी जी कहते हैं हम हैं, योगी जी कहते हैं हम हैं, अमित शाह जी कहते हम हैं, अगर गरीब नवाज चाह ले तो हिंदुस्तान कहां था, कहां है, कहां पर बसा था पता नहीं चलेगा। नवाज के बयान के बाद लोगों में काफी नाराजगी है और कव्वाल के ऊपर एफआईआर की मांग की जा रही थी। आखिरकर पुलिस ने कव्वाल और आयोजक पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। आरोपी नवाज शरीफ की गिरफ्तारी के लिए टीम यूपी भेजी गई है। एएसपी शिव कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आईपीसी की 153, 505 (2), 298 धाराओं पर राजद्रोह, धार्मिक भावनाओं को भड़काने जैसे आदि मामले दर्ज किए है। पुलिस ने कव्वाल शरीफ परवाज के अलावा उर्स कमेटी ईदगाह के आयोजकों को भी दोषी मानकर उन पर भी मामले दर्ज किए। कव्वाली के बाद आरोपी शरीफ सहित आयोजक फरार हैं, उनकी तलाश की जा रही है।

# दिल्ली से हरियाणा ट्रांसफर नहीं होगी दादरी थर्मल स्टेशन की बिजली हाईकोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दादरी थर्मल स्टेशन से पैदा होने वाली बिजली को राष्ट्रीय राजधानी से हरियाणा ट्रांसफर करने के केंद्र के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की पीठ ने दादरी-द्वितीय संयंत्र से दूसरे राज्य में बिजली की आपूर्ति के हस्तांतरण के संबंध में बिजली मंत्रालय के 29 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड की एक याचिका पर नोटिस जारी किया और केंद्र सरकार के वकील को निर्देश के लिए समय दिया। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि आदेश पूरी तरह से अधिकार क्षेत्र से बाहर है और अगर इसे लागू किया जाता है, तो राष्ट्रीय राजधानी की 23 प्रतिशत आबादी अगले 24 घंटों में बिजली से वंचित हो जाएगी। पीठ ने आदेश दिया है कि इस मामले में एक अप्रैल को सुनवाई होती, तब तक के लिए 29 मार्च 2022 के आक्षेपित आदेश पर रोक रहेगी।





पीठ रिट याचिका के पैराग्राफ 5 में किए गए अनुमानों पर भी ध्यान देती है, जहां याचिकाकताओं का दावा है कि यदि लागू होने की अनुमति दी जाती है, तो शुक्रवार 1 अप्रैल 2022 को 12 बजे से लागू होगा। पीठ ने कहा कि अगर आक्षेपित आदेश गुरुवार यानी 31 मार्च 2022 को सुबह 10:00 बजे से लागू होगा तो राजधानी में बिजली की कमी हो जाएगी, इस लिए इसे लागू करने से पहले बिजली की व्यवस्था करनी होगी। जबकि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि प्रतिवादी अधिकारियों के पास शक्ति को पुनः आवंटित करने की कोई शक्ति नहीं है जो याचिकाकर्ता के पक्ष में किए गए आवंटन का हिस्सा है और दिल्ली विद्युत नियामक आयोग द्वारा विधिवत अनुमोदित है। इसने दिल्ली सरकार द्वारा बिजली आत्मसमर्पण करने के संबंध में आदेश में जारी किया है। अगर इस आदेश पर विचार किया गया तो दिल्ली में बिजली संकट बढ़ जाएगा। पीठ ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग के आदेश को भी नोट किया जिसमें स्पष्ट रुप कहा गया है कि आयोग ने दादरी द्वितीय से अन्य राज्यों को एनसीटी के हिस्से को फिर से आवंटित करने या आत्मसमर्पण करने के लिए बिजली मंत्रालय को कोई अनुरोध नहीं किया था और बिजली एनटीपीसी के साथ याचिकाकर्ता डिस्कॉम्स के बीच निष्पादित खरीद समझौता जो 30 जुलाई, 2035 तक वैध है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर बेकाबू कार ने महिला और बच्ची को रौंदा मौत

नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार कार ने तीन लोगों को कुचल दिया। स्पोर्ट्स सिटी के पास महिला दो बच्चियों के साथ पैदल सड़क पार कर रही थीं, तभी बेकाबू कार उनको रौंदते हुए निकल गई। कार चालक तीनों को अस्पताल छोड़कर भाग निकला। इनमें से दो घायलों की मौत हो गई जबकि तीसरी का उपचार चल रहा है। कलोदा गांव की जाहिदा की जेवर कस्बे में रिश्तेदारी है। वह बुधवार को परिवार के साथ जेवर शादी समारोह में भाग लेने गई थी। दोपहर बाद वह बस से दनकौर होते हुए घर लौट रही थी। दोपहर तीन बजे जैसे ही वह अपनी धेवती फरीन छह, भतीजी साहिबा 15 और अन्य परिजनों के साथ सलारपुर अंडरपास पर उतरकर सड़क पार करने लगी तभी अचानक जेवर की ओर से आ रही एक स्विफ्ट कार ने पीछे से जाहिदा, फरीन और साहिबा को टक्कर मार दी। इसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने उन्हें ग्रेनो के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान जाहिदा और फरीन की मौत हो गई। वहीं साहिबा की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल जाहिदा और फरीन को कार में बैठाकर ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल ले गया और उसने दोनों घायल महिलाओं को एंबुलेंस के चालक के नाम से अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद वह वहां से चला गया।

### सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त करना स्थानीय लोगों को निर्बल करेगा: महबूबा

श्रीनगर। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने पांच कर्मचारियों को बर्खास्त करने पर जम्मू कश्मीर प्रशासन को को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि यह कदम स्थानीय लोगों को निर्बल करेगा। प्रशासन ने पुलिस कांस्टेबल तौसीफ अहमद मीर समेत पांच सरकारी कर्मचारियों को आतंकी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया। मीर पर हिजबुल मुजाहिदीन के लिए काम करने और अपने दो सहकर्मियों की हत्या का प्रयास करने का आरोप है। केंद्र शासित क्षेत्र प्रशासन ने संविधान के अनुच्छेद 311 (दो) (सी) के तहत गठित एक समिति के सुझाव के बाद उक्त कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी। इस अनुच्छेद के तहत राज्य की सुरक्षा के हित में बिना जांच के बर्खास्त किया जा सकता है। महबूबा ने ट्वीट किया, एक तरफ तो भारत सरकार जम्मू कश्मीर में असैन्य पदों के लिए पूरे भारत से सेवानिवृत्त सुरक्षा कर्मियों को भर्ती कर रही है।

# दुनियाभर में 43 प्रतिशत बढ़ी कोरोना से मौतें पर मामले में आई गिरावट

नई दिल्ली। डब्ल्यूएचओ ने अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट में कहा कि लगातार दो हफ्ते तक कोरोना के बढ़ते केसों के बीच जनवरी के आखिरी से मार्च की शुरूआत में कोरोना के केसों में लगातार गिरावट देखने को मिली है। इसके बाद 21 से 27 मार्च तक नए मामलों की संख्या में पिछले सप्ताह की तुलना में 14 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं इसी अवधि के दौरान मौतों की संख्या में 43 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। डब्ल्यूएचओ के छह क्षेत्रों में 1 करोड़ से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं, जबकि 45,000 से अधिक नई मौतें हुईं। वहीं इन सभी क्षेत्रों ने नए साप्ताहिक मामलों में कमी देखने को मिली है। इसके अलावा चार क्षेत्रों में नई साप्ताहिक मौतों के कमी दर्ज की गई है। जबकि मालूम हो कि डब्ल्यूएचओ की पिछली रिपोर्ट के मुताबिक इन छह क्षेत्रों में कोरोना से 33 हजार लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 1.20 करोड़ लोग संक्रमित हो गए थे। डब्ल्यूएचओ ने देशों को व्यापक स्तर पर जांच करने और अन्य निगरानी उपायों प्रभावी तरीके से लागू करने की अपील कर रहा है ताकि वायरस के प्रसार को ट्रेस कर उसे समाप्त किया जा सके।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि डेटा



सही तरीके से नहीं जुटाए जा रहे हैं, समय पर सही आंकड़े नहीं मिल पा रहे हैं, जिसस हम यह नहीं पता लगा पा रहे हैं कि असल में वायरस कहां है, यह कैसे फैल रहा है और यह कैसे विकसित हो रहा है। सटीक सूचना और विश्लेषण ही महामारी को प्रभावी ढंग से खत्म करने के लिए महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और भारत सहित तमाम देशों में जहां सभी कोविड-19 रोकथाम उपाए और प्रोटोकॉल हटा दिए गए हैं, वहां कोरोना की स्थिति को लेकर अलर्ट किया जा रहा है। कम निगरानी खास तौर से नए कोविड वैरिएंट का पता लगाने के प्रयासों को प्रभावित करेगी और संभावित प्रतिक्रिया को कमजोर करेगी, वहीं ओमिक्रॉन कोरोना का सबसे घातक स्ट्रेन बना हुआ है। पिछले 30 दिनों में जीआईएसएआईडी पर अपलोड किए गए जीनोम सीक्वेंसिंग में इसका 99.7 प्रतिशत हिस्सा है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि डेल्टा और ओमिक्रॉन से मिलकर एक नया वैरिएंट डेल्टाक्रॉन सामने आया है। अभी इस वैरिएंट को लेकर यह पता नहीं चल पाया है कि कितना घातक है।

### आप सरकार बनने के बाद बोर्डो और कॉर्पोरेशनों के अध्यक्षों के इस्तीफे

चंडीगढ़। सीएम भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी (आप) पार्टी की सरकार के गठन के बाद अलग-अलग बोर्डों और कॉर्पोरेशनों के 9 गैर-सरकारी अधिकारी इस्तीफा दे चुके हैं। सीएम कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन बोर्डों और कॉर्पोरेशनों से इस्तीफा दे चुके अधिकारियों में मंडी बोर्ड के अध्यक्ष लाल सिंह, पनकोफैड के अध्यक्ष अवतार सिंह और पीआरटीसी के अध्यक्ष सतविन्दर सिंह भी शामिल हैं। इनके अलावा पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम (पीएसआईईसी) के निदेशक हरमेश चंद्र, इन्फोटैक के उप अध्यक्ष कार्तिक वडेरा, निदेशक मनजीत सिंह सरोआ, सतीश कांसल, सुरजीत सिंह भून और डॉ. नरेश परूथी भी इस्तीफा दे चुके हैं। इससे पहले पंजाब की नई सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रदेश के सभी इंप्रूवमेंट ट्रस्ट भंग कर दिए हैं। सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार अब इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन जिले के डीसी होंगे।

## यूपी में अगले 100 दिनों में फिर होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 10 लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के विकास का एजेंडा तय करते हुए औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की तैयारी फिर शुरू कर दी है। इसके लिए अगले 100 दिनों में एक भव्य ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा। इसमें उद्योग जगत के सभी प्रमुख औद्योगिक घरानों के मुखिया मौजूद रहेंगे। इसके जरिए 10 लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश को यूपी में लाने की कवायद शुरू होगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्य में औद्योगिक निवेश बढ़ाने में अब 100 दिनों में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी अहम भूमिका निभाएगी। प्रदेश में करीब 10 लाख करोड़ के निवेश को आकर्षित करने की शुरूआत होगी। इसीलिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के लिए उच्च स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। उद्योग जगत के नामी लोगों को इस आयोजन में आमंत्रित कर यूपी में बने औद्योगिक निवेश के माहौल को और बेहतर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में 21 और 22 फरवरी 2018 को इंवेस्टर्स समिट से यूपी की तस्वीर देश में बदलने की कोशिश की। उसी तर्ज पर प्रदेश में भव्य ग्राउंड सेरेमनी का आयोजन करने की तैयारी है। उस समय इंवेस्टर समिट में देश विदेश के बड़े निवेशकों ने 4.65 लाख करोड़ के 1045 निवेश प्रस्ताव सरकार को सौंपे थे। इनमें से 215 निवेशकों ने 51,240.25 करोड़ रुपये का निवेश कर अपने उद्यम स्थापित कर दिए हैं। 130 निवेशक 37,478.63 करोड़ रुपये का निवेश कर अपना उद्यम स्थापित कर रहे हैं और 449 निवेशक 86,842.89 का निवेश कर स्थापित करने में लगे हैं। राज्य की जीडीपी और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए इस तरह के औद्योगिक निवेश का आना जरूरी था। कोरोना संकट के दौरान भी राज्य में 96 निवेशकों ने 66,000 करोड़ रुपये का निवेश यूपी में करने की पहल की। डिफेंस कॉरिडोर में 50 हजार करोड़ रुपये के होने वाले निवेश से पांच लाख लोगों के रोजगार पाने के अवसर बने।

### जम्मू-कश्मीर में कब होंगे चुनाव गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में दिया जवाब

जम्मू। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में साफ कर दिया कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कब कराए जाएंगे। लोकसभा में चर्चा के दौरान कुछ सदस्यों ने कश्मीर में विधानसभा चुनाव में देरी होने के विषय पर चिंता जाहिर की थी। जम्मू कश्मीर में जून 2018 से राष्ट्रपति शासन लागू है। बीजेपी ने तब मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार से समर्थन वापस लिया था। अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में परिसीमन की कवायद पूरी होने और राजनीतिक दलों से परामर्श के बाद विधानसभा चुनाव कराये जाएंगे। चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधान खत्म किए जाने के समय संसद में जो कहा था, वह सबके सामने है और रिकॉर्ड पर है। शाह ने कहा कि उन्होंने स्पष्ट कहा था कि जम्मू कश्मीर में पहले पंचायत चुनाव होंगे, इसके बाद परिसीमन की कवायद होगी और यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे तथा जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होगा।

# अपराध व अपराधियों पर रखें पैनी नजर : डीआईजी

दोहरीघाट, मऊ। पुलिस उप महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र अखिलेश कुमार ने बुधवार को दोहरीघाट थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर में आम पौधा लगा कर लोगो को पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। बुधवार की सुबह 11 बजे डीआईजी अखिलेश कुमार थाना परिसर में पहुंचे। जहां पुलिस कर्मियों ने सलामी देकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक सुशील घुले व अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के साथ थाने की बिल्डिग, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय, लंबित वाहनों का रखरखाव, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्पडेस्क आदि का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान खामियां मिलने पर उसे दूर करने का निर्देश दिये। वही आपराधिक रजिस्टर का अवलोकन करते हुए डीआईजी अखिलेश कुमार ने थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह को अपराध व अपराधियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिये। तत्पश्चात थाने में मौजूद सिपाहियों व उपनिरीक्षकों से भी उन्होंने एक-एककर उनकी समस्याओं की जहां जानकारी ली वहीं उन्हे पुलिस मैनुअल से संबंधित दिशा निर्देश भी दिये। थाने के अभिलेखों आदि को देखने के बाद वे क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बैठकर करके पुलिस सेवा को और बेहतर बनाने का सुझाव मांगा। क्षेत्रीय लोगो से मिले सुझाव व शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण करने का भरोसा दिया। इस दौरान पंकज मद्धेशिया, विकास वर्मा, सोमनाथ वर्मा, सूरज जयसवाल, आकाश राय, मोनू राय, यशवंत कुमार सहित लोग रहे।





### नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का किया प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

मधुबन, मऊ। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात एक युवती को बगल के गांव के एक युवक द्वारा जबरदस्ती गेहूं के खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आय है। बुधवार को मधुबन थाना पर युवक पर आरोप लगाते हुए पीड़िता के पिता ने संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कराया है, वहीं अब स्थानीय पुलिस भी आरोपी युवक की तलाश में जगह जगह दबिश दे रही है। पुलिस पीड़िता को महिला कांस्टेबल के अभिरक्षा में मेडिकल हेतु भेजते हुए मामले के जांच पड़ताल में जुटी गयी है। पीड़िता के पिता ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अपने ससुराल बेल्थरारोड गया हुआ था। घर में उसकी पुत्री अकेली थी इसी का फायदा उठाते हुए पड़ोस के गांव का एक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर गेहूं के खेत में ले गया। तथा वहां इसके साथ दुष्कर्म किया। युवती के चिखने चिल्लाने के बाद मौके पर ग्रामीणों को पहुंचते देख युवक मौका से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कराया है।

# आगामी परीक्षाओं को लेकर छात्र-छात्राओं को टिप्स देंगे प्रधानमंत्री

मऊ। बुधवार को केन्द्रीय विद्यालय व जवाहर नवोदय विद्यालय महुआर कसारा के संयुक्त प्रेसवार्ता कर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कुमार त्रिपाठी व जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य मुख्तार आलम ने बताया कि परीक्षाओं के दौरान टेंशन में रहने वाले छात्र-छात्राओं के लिये टेंशन मुक्त के टिप्स इस बार कोई टीचर नहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय व केन्द्रीय विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लाइव संवाद किया जाएगा। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अप्रैल को 11 बजे से परीक्षा पे चर्चा के पांचवे संस्करण के दौरान दुनिया भर के छात्र छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कक्षा 10 व 12



के बोर्ड परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से परिचर्चा करेंगे। इसका आयोजन नई दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में होगा। इस कार्यक्रम में जिन छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को प्रधानमंत्री से प्रश्न पूछने का अवसर मिलेगा। परीक्षा पे चर्चा एक बहुत प्रतीक्षित वार्षिक कार्यक्रम जो विगत वर्ष कोविड महामारी के कारण नहीं हो सका था। एक अति महत्वपूर्ण जीवंत कार्यक्रम है जिसमे प्रधानमंत्री अनूठे आकर्षक शैली में परीक्षा के तनाव और संबंधित क्षेत्रों से संबंधित छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देते है। कोविड-19 महामारी से उबरने और परीक्षा के ऑफलाइन मोड़ में जाने के महत्व पर एवं तनाव मुक्त माहौल बनाने को को लेकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक बड़े आंदोलन एग्जाम वारियर छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक और अभिभावक भी जुडेंगे और तनाव मुक्ति परीक्षा के टिप्स लेंगे। रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता के लिए देशभर से लगभग 15.7 लाख प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण कराया था। उन पंजीकृत विद्यार्थियो द्वारा पूछे गये प्रश्नो का उत्तर भी प्रधानमंत्री देगें।

# नौंवी बार महिला विश्व कप के फाइनल में पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम



**वेलिंगटन।** मैन ऑफ द मैच एलिसा हीली (129) के शानदार शतक और फिर गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां बुधवार को वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल मैच में 157 रन से एकतरफा अंदाज में हरा कर 2022 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया ने नौंवी बार विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई, जो एक रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बारिश के चलते निर्धारित 45 ओवर में तीन विकेट पर 305 रन का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें सलामी बल्लेबाजों हीली और राचेल हेन्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जवाब में वेस्टइंडीज ऑस्ट्रेलिया की घातक गेंदबाजी के आगे 37 ओवर में महज 148 रन पर ऑलआउट हो गया। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम अब 1973 में महिला विश्व कप की शुरुआत के बाद से नौंवी बार विश्व कप फाइनल खेलेगी। इससे पहले वह छह बार विश्व विजेता और दो बार उप विजेता रही है। क्राइस्टचर्च में गुरुवार को इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल का विजेता तीन अप्रैल को क्राइस्टचर्च में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

## विंडीज को 157 रन से हराया, मैन ऑफ द मैच हीली ने जड़ा शतक

### हीली व हेन्स के बीच पहले विकेट के लिए 216 रन की साझेदारी

हीली और हेन्स ने ऑस्ट्रेलिया को धमाकेदार शुरुआत दिलाई, जिसकी बदौलत टीम नॉकआउट मुकाबले में 305 का विशाल स्कोर बना पाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 216 रन की बड़ी साझेदारी हुई। हीली ने जहां 17 चौकों और एक छक्के की मदद से 107 गेंदों पर 129, वहीं हेन्स ने नौ चौकों के सहारे 100 गेंदों पर 85 रन बनाए। अंत में बेथ मूनी ने तीन चौकों की बदौलत 31 गेंदों पर 43 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं गेंदबाजी में जेस जोनासेन ने दो, जबकि मेगन शट्ट, अलाना किंग, एशले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड और ताहलिया मैकग्राथ ने एक-एक विकेट लिया।

### वेस्टइंडीज की खराब बल्लेबाजी


306 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 12 रन के स्कोर पर टीम का पहला विकेट रशादा विलियम्स शून्य के रूप में गिर गया। विंडीज की टीम कोई बड़ी साझेदारी नहीं कर सकीं ओर नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और कभी भी लय में नहीं दिखी। कप्तान स्टेफनी टेलर ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। वहीं सलामी बल्लेबाज डिएंड्रा डॉटिन ने 34 और मैथ्यूज ने भी 34 रन की पारी खेली। इन तीनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाया। इस तरह वेस्टइंडीज की महिलाएं सेमीफाइनल मुकाबला हार गईं।

# 129 बनाने में आरसीबी के छूटे पसीने

## हसरंगा ने झटके चार विकेट, अंतिम ओवर में कार्तिक ने दिलाई आरसीबी को पहली जीत

मुंबई (एजेंसी)। मैन ऑफ द मैच वानिंदु हसरंगा (20 रन पर चार विकेट) और हर्षल पटेल (11 रन पर दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद शरफेन रदरफेर्ड के 28 शाहबाज अहमद के 27 और दिनेश कार्तिक के आखिरी ओवर में छक्के-चौके की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने यहां बुधवार को 2022 आईपीएल के छठे मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को चार गेंद शेष रहते तीन विकेट से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की।

बेंगलुरु ने कोलकाता को 18.5 ओवर में 128 रन पर ढेर करने के बाद डीवाई पाटिल स्टेडियम के ओस से भीगे मैदान में कुछ नाजुक पलों से गुजरते हुए आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों पर मैच समाप्त कर दिया। बेंगलुरु ने 19.2 ओवर में सात विकेट पर 132 रन बनाकर अपने पहले दो अंक हासिल किये जबकि गत उपविजेता कोलकाता को पहली हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु ने टॉस जीत कर गेंदबाजी चुनी और रणनीति के तहत खेलते हुए कोलकाता को शुरुआत से दबाव में रखा। परिणामस्वरूप कोलकाता ने लगातार अंतराल पर विकेट खोए और उसका वापस आना मुश्किल हो गया। हसरंगा के चार ओवर में 20 रन पर चार और हर्षल के चार ओवर में 11 रन पर दो विकेट के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता 128 रन पर ऑलआउट हो गया। युवा गेंदबाज आकाशदीप ने भी शानदार गेंदबाजी की और 3.5 ओवर में 45 रन पर तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को भी एक विकेट मिला। कोलकाता की ओर से कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल पाया। आंद्रे रसेल ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। कप्तान श्रेयस अय्यर13, जबकि आजिंक्य रहाणे नौ रन बना कर आउट हुए। आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी में जलवे दिखाने वाले उमेश यादव (18) ने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए अनुज रावत और विराट कोहली के विकेट झटक लिए। टिम साउदी ने बेंगलुरु के कप्तान फाफ डू प्लेसिस को आउट कर बेंगलुरु का स्कोर 17 रन पर तीन विकेट कर दिया। डेविड विली और शरफेन रदरफोर्ड ने चौथे विकेट के लिए 45 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। विली के इस स्कोर पर आउट होने के बाद रदरफोर्ड को शाहबाज अहमद के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। शाहबाज ने तीन छक्के उड़ाते हुए27 रन ठोके। लेकिन बेंगलुरु ने फिर छह रन के अंतराल में शाहबाज और रदरफोर्ड के विकेट गंवाए। हर्षल पटेल ने 19वें ओवर में वेंकटेश अय्यर की गेंदों पर दो चौके मारे। बेंगलुरु को अंतिम ओवर में जीत के लिए सात रनों की जरूरत थी। अब तक महंगे रहे आंद्रे रसेल की पहली गेंद पर कार्तिक ने छक्का जड़ दिया और अगली गेंद पर विजयी चौका मार दिया।



### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहाणे कै. शाहबाज बो. सिराज | 09 | 10 | 1/0 |
| वेंकटेश कै. एवं बो. आकाशदीप | 10 | 14 | 1/0 |
| श्रेयस कै. डुप्लेसिस बो. हसरंगा | 13 | 10 | 2/0 |
| नीतीश राणा कै. विली बो. आकाश | 10 | 05 | 1/1 |
| नारायण कै. आकाश बो. हसरंगा | 12 | 08 | 1/1 |
| सैम बिलिंग्स कै. कोहली बो. हर्षल | 14 | 15 | 0/1 |
| शेल्डन जैक्सन बो. हसरंगा | 00 | 01 | 0/0 |
| आंद्रे रसेल कै. कार्तिक बो. हर्षल | 25 | 18 | 1/3 |
| साउदी कै. डुप्लेसिस बो. हसरंगा | 01 | 05 | 0/0 |
| उमेश यादव बो. आकाश दीप | 18 | 12 | 2/1 |
| वरुण नाबाद | 10 | 16 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 6 **कुल:** 18.5 ओवर मे 128 रन पर ऑल आउट **विकेट पतन:** 1-14, 2-32, 3-44, 4-46, 5-67, 6-67, 7-83, 8-99, 9-101, 10-128 **गेंदबाजी:** डेविड विली 2-0-7-0, मोहम्मद सिराज 4-0-25-1, आकाश दीप 3.5-0-45-3, वानिंदु हसरंगा 4-0-20-4, हर्षल पटेल 4-2-11-2, शहबाज 1-0-16-0,

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डु प्लेसिस कै. रहाणे बो. साउदी | 05 | 04 | 1/0 |
| अनुज रावत कै. जैक्सन बो. उमेश | 00 | 02 | 0/0 |
| विराट कोहली कै. जैक्सन बो. उमेश | 12 | 07 | 2/0 |
| डेविड विली कै. राणा बो.नारायण | 18 | 28 | 3/0 |
| रदरफोर्ड कै. जैक्सन बो. साउदी | 28 | 40 | 1/1 |
| शाहबाज कै . जैक्सन बो. वरुण | 27 | 20 | 0/3 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 14 | 07 | 1/1 |
| वानिंदु हसरंगा कै. रसेल बो. साउदी | 04 | 03 | 1/0 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 10 | 06 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 14, **कुल:** 19.2 ओवर में सात विकेट पर 132 रन **विकेट पतन:** 1-1, 2-17, 3-17, 4-62, 5-101, 6-107, 7- 111 **गेंदबाजी:** उमेश यादव 4-0-16-2, टिम साउदी 4-0-20-3, आंद्रे रसेल 2.2-0-36-0, सुनील नारायण 4-0-12-1,वरुण चक्रवर्ती 4-0-33-1, वेंकटेश 1-0-10-0,

### आईपीएल 2022 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 01 | 01 | 00 | 02 | 3.050 |
| दिल्ली | 01 | 01 | 00 | 02 | 0.914 |
| पंजाब | 01 | 01 | 00 | 02 | 0.697 |
| गुजरात | 01 | 01 | 00 | 02 | 0.286 |
| कोलकाता | 02 | 01 | 01 | 02 | 0.09 3 |
| बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 02 | -0.048 |
| लखनऊ | 01 | 00 | 01 | 00 | -0.286 |
| चेन्नई | 01 | 00 | 01 | 00 | -0.639 |
| मुंबई | 01 | 00 | 01 | 00 | -0.914 |
| हैदराबाद | 01 | 00 | 01 | 00 | -3.050 |

## आईपीएल इतिहास में दूसरी बार किसी गेंदबाज ने डाले दो मेडेन ओवर

आईपीएल इतिहास दूसरी बार किसी गेंदबाज ने दो ओवर मेडेन डाले फेंके हों। दोनों ही बार रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के गेंदबाज ने यह कमाल आरसीबी के खिलाफ ही किया। केकेआर के खिलाफ आरसीबी के हर्षल पटेल ने अपने कोटे के चार ओवर में से पहले दो ओवर बिना रन दिए फेंके। यहां तक कि उन्होंने इस दौरान दो विकेट भी चटकाए। हर्षल पटेल ने पहले सैम बिलिंग्स को चलता किया और फिर आंद्रे रसेल को अपना शिकार बनाया। इससे पहले पहली बार 2020 में मोहम्मद सिराज ने आरसीबी के लिए कोलकाता के खिलाफ एक मैच में दो ओवर मेडेन फेंके थे।

## बीसीसीआई ने आईपीएल मीडिया अधिकारों के लिए रखा 33 हजार करोड़ रुपए का आधार मूल्य

बीसीसीआई ने आईपीएल के मीडिया अधिकारों के लिए 33,000 करोड़ रुपए का आधार मूल्य निर्धारित किया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई मीडिया अधिकारों के लिए एक गैर-अनन्य क्लस्टर सहित चार बंडल तैयार कर रहा है। बीसीसीआई ने बेशक आगे चल कर आईपीएल मैचों की संख्या बढ़ाने का विकल्प रखा है, लेकिन निविदा के लिए आमंत्रण (आईटीटी) दस्तावेज, जिसे बीसीसीआई ने बुधवार से बिक्री के लिए उपलब्ध किया है, 10 टीमों के 74 मैचों के मौजूदा प्रारूप के आधार पर विभिन्न बंडलों की कीमत आरक्षित रखेगा। रिपोर्ट के अनुसार इस बार समग्र बोली का कोई विकल्प नहीं है जिसके माध्यम से स्टार स्पोर्ट्स ने मौजूदा 2018-2022 चक्र के मीडिया अधिकार हासिल किए थे। बीसीसीआई द्वारा जारी आईटीटी के मुताबिक बंडल ए भारतीय उपमहाद्वीप के टेलीविजन अधिकारों के लिए है और सिर्फ भारतीय उपमहाद्वीप में प्रसारण के लिए बीसीसीआई को 49 करोड़ रुपए प्रति मैच मिलेंगे। यानी कुल मिलाकर पांच साल तक इससे लगभग 18,130 करोड़ रुपए मिलेंगे।

# टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे अश्विन

## रोहित और कोहली आठवें व दसवें स्थान पर खिसके




दुबई। भारतीय अनुभवी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी की बुधवार को जारी ताजा टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में संपन्न दो मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत अश्विन एक स्थान के फायदे से 341 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं उनके हमवतन रवींद्र जडेजा बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते 385 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर हालांकि एक पायदान नीचे खिसक कर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली क्रमशः आठवें और दसवें स्थान पर खिसक गए हैं, जबकि ऋषभ पंत टॉप 10 से बाहर होकर 11वें पायदान पर आ गए हैं। गेंदबाजों की सूची में अश्विन और जसप्रीत बुमराह शानदार गेंदबाजी की बदौलत दूसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### वनडे रैंकिंग में रोहित को एक पायदान का फायदा

आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा एक पायदान ऊपर पांचवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, जॉनी बेयरस्टो को दो पायदानों का फायदे के हुआ है। इमाम उल हक टॉप 10 में शामिल हो गए हैं। मौजूदा समय में आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बाबर आजम हैं, जिनके खाते में 872 अंक हैं, जबकि विराट कोहली 811 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे पायदान पर रॉस टेलर हैं, जिनके खाते में 794 अंक हैं।

## हजारों लोगों ने वॉर्न को दी श्रद्धांजलि

**मेलबर्न।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पारिवारिक सदस्यों, पूर्व क्रिकेटरों और हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों सहित 50,000 से अधिक लोगों ने दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि दी। वॉर्न के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर और मार्क टेलर, सर एल्टन जॉन, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन सहित हजारों लोग श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम में वॉर्न के कई अन्य साथी गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ, विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट और पूर्व कप्तान स्टीव वॉ भी ग्राउंड पर मौजूद रहे। इसके अलावा काइली मिनोग, यूग जैकमैन और ग्रेग नॉर्मन सहित हॉलीवुड अभिनेताओं और संगीतकारों ने भी वार्न को श्रद्धांजलि दी। दिवंगत वार्न की याद में उनके बच्चों समर, जैक्सन और ब्रुक द्वारा ग्राउंड में शेन वार्न स्टैंड के अनावरण के साथ ही श्रद्धांजलि सभा का समापन हुआ।उल्लेखनीय है कि 52 वर्षीय वॉर्न का चार मार्च को थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

## एफआईएच प्रो लीग: इंग्लैंड के खिलाफ मैचों के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ आगामी दो और तीन अप्रैल को भुवनेश्वर के कलिंग हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए बुधवार को 22 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम की घोषणा की गई। टीम की कप्तानी अमित रोहिदास और उप कप्तानी हरमनप्रीत सिंह करेंगे।मुख्य कोच ग्राहम रीड ने टीम के बारे में कहा, यह देखना काफी रोमांचक रहा है कि कैसे कुछ युवा खिलाड़ी प्रो लीग में खेलने के मौके का फायदा उठा रहे हैं और काफी प्रतिभा दिखा रहे हैं। हमारे लिए इन विकल्पों का होना अच्छा है। हम विभिन्न संयोजनों को आजमाने के लिए इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। इंग्लैंड के पास एक प्रतिभाशाली टीम है और इसमें कोई शक नहीं कि इस सप्ताहांत में होने वाले प्रो लीग मैच काफी रोमांचक होंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के इस सीजन में अब तक आठ मैच खेल चुकी है। टीम फिलहाल पूल टेबल में जर्मनी के बाद दूसरे स्थान पर है, जिसके 17 अंक हैं, जबकि भारत के 16 अंक हैं। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को घर पर दो बार 10-2, 10-2 से हराया, जबकि फ्रांस के खिलाफ उसने एक मैच जीता और एक मैच हारा। वहीं स्पेन के खिलाफ भी भारत एक मैच जीता और एक हार गया। भारतीय टीम हाल ही में अर्जेंटीना के खिलाफ से एक मैच में हार गई थी, जबकि एक मैच में 4-3 से रोमांचक जीत हासिल की थी।

## शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी में सुधार कर खाता खोलने उतरेंगे चेन्नई और लखनऊ

मुंबई। शीर्ष क्रम की नाकामी के कारण अपने शुरूआती मैच गंवाने वाली मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और नयी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स गुरुवार को यहां एक दूसरे के खिलाफ अपनी कमजोरियों को दूर करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में अपना खाता खोलने का प्रयास करेंगी। इन दोनों टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और उनकी हार का कारण शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का नहीं चल पाना था। ब्रेबोर्न स्टेडियम में होने वाले मैच में वे इसमें सुधार करने की कोशिश करेंगी। आईपीएल का मौजूदा सत्र अभी शुरू हुआ लेकिन टॉस अहम भूमिका निभा रहा है, ऐसे में कोई भी टीम टॉस जीतने पर क्षेत्ररक्षण करना ही पसंद कर रही है। चेन्नई और लखनऊ दोनों को वानखेड़े स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करने के बाद मैच गंवाना पड़ा था और ब्रेबोर्न स्टेडियम में भी परिस्थितियां भिन्न नहीं है जहां दूसरी पारी के दौरान ओस काफी प्रभाव डाल सकती है। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और स्टार सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक पहले मैच में नहीं चल पाये थे और वे इसकी भरपाई इस मैच में करना चाहेंगे। राहुल को आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जरूरत है क्योंकि आईपीएल में उनके कप्तानी कौशल का भी आकलन किया जा रहा है। मनीष पांडे और इविन लुईस के भी जल्दी आउट होने के बाद मध्यक्रम में दीपक हुड्डा, आयुष बडोनी और क्रुणाल पंड्या ने जिम्मेदारी संभाली थी जो कि लखनऊ के लिये अच्छा संकेत है लखनऊ के गेंदबाजों को हालांकि तुरंत ही सुधार करना होगा जिनकी गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजों ने जमकर धुनाई की थी। तेज गेंदबाज दुशमंत चमीरा ने प्रभाव छोड़ा लेकिन अवेश खान नहीं चल पाये थे। इसके अलावा मैच का फैसला तय करने में रवि बिश्नोई, हुड्डा और क्रुणाल की स्पिन तिकड़ी की भूमिका भी अहम होगी। चेन्नई को बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है क्योंकि पहले मैच में वह केवल 131 रन ही बना पाया था। मोईन अली की वापसी से टीम को मजबूती मिली है।

# ओसाका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

## क्वॉर्टर फाइनल में डेनियल कोलिंस को हराया



**मियामी।** पूर्व विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जापान की नाओमी ओसाका बुधवार को यहां क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में जीत के बाद 2022 मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। ओसाका ने क्वॉर्टर फाइनल मैच में अमेरिका की डेनियल कोलिंस को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराया। वह अब 2020 के बाद पहली बार 2022 मियामी ओपन के फाइनल में जगह बनाने के लिए सेमीफाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनकिक से भिड़ेंगी। इस जीत के साथ ओसाका टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी जापानी महिला टेनिस खिलाड़ी बनी हैं। इससे पहले किमिको दाते क्रुम ने 1993 और 1995 में 2022 मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया था। अपने आखिरी 10 क्वॉर्टरफाइनल मैचों में उनकी यह नौंवी जीत है।

### क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे मेदवेदेव

डेनिल मेदवेदेव फिर से विश्व में नंबर एक खिलाड़ी बनने से केवल एक जीत दूर हैं जबकि नाओमी ओसाका को मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने के लिये केवल दो जीत की दरकार है। मेदवेदेव को अमेरिका के जेनसन ब्रुक्सबी को 7-5, 6-1 से हराकर मियामी ओपन में पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### बोपन्ना और सानिया बाहर

भारत के रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा अपने-अपने युगल मैचों के क्वॉर्टर फाइनल में हारकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। बोपन्ना और डेनिस शापोवलोव की जोड़ी वेस्ले कूलहोफ और स्कूप्स्की की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 2-6, 1-6 से हार गई। वहीं सानिया और कर्स्टन की जोड़ी को अलेक्जेंड्रोवा और चीन की चाओसुआन यांग से 3-6 6-7 (3) से हार का सामना करना पड़ा।

## एशियाई खेलों के लिए कम्पाउंड तीरंदाजी टीम चुनी गयी

**सोनीपत।** अमन सैनी, रजत चौहान और मोहन भारद्वाज बुधवार को यहां खत्म हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल के बाद एशियाई खेलों के लिए पुरुष कम्पाउंड तीरंदाजी टीम में अभिषेक वर्मा के साथ शामिल हुए। महिलाओं के वर्ग में मुस्कान किरार, प्रिया गुर्जर और रागिनी मारकू ने क्वॉलीफाई किया और वे अवनीत कौर के साथ टीम में शामिल हुईं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सेंटर में हुए ट्रायल्स के बाद चुनी गयी यही टीम पहले तीन विश्व कप (अंताल्या- 17 से 24 अप्रैल, शंघाई - 15 से 22 मई और पेरिस - 19 से 26 जून) में देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

**भारतीय कम्पाउंड तीरंदाजी टीम**


**पुरुषः** अभिषेक वर्मा, अमन सैनी, रजत चौहान, मोहन भारद्वाज

**महिलाः** अवनीत कौर, मुस्कान किरार, प्रिया गुर्जर, रागिनी मार्को।

## मनिका-अर्चना की भारतीय जोड़ी को कांस्य से करना पड़ा संतोष

### डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हारीं जोड़ी, भारत का सफर समाप्त

**दोहा।** मनिका बत्रा और अर्चना कामथ की भारतीय महिला युगल जोड़ी की यहां बुधवार को महिला युगल सेमीफाइनल में हार के साथ डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत का इस टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया।



छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को सेमीफाइनल में ली यू-झुन और चेंग आई-चिंग की चीनी ताइपे जोड़ी से 3-0 (11-8, 11-6, 11-7) से हार का सामना करना पड़ा। भारत के शीर्ष रैंक खिलाड़ी मनिका और जी सत्यन क्रमशः महिला और पुरुष एकल के राउंड ऑफ 16 में भी हार गए। वहीं मिश्रित युगल में भी मनिका और सत्यन का अभियान पहले दौर में हार के साथ समाप्त हुआ। अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल को भी एकल और पुरुष युगल मैचों में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। युगल स्पर्धा में मानव ठक्कर उनके जोड़ीदार रहे।

# पुर्तगाल व पोलैंड ने फीफा विश्व कप 2022 के लिए किया क्वॉलीफाई



## पुर्तगाल ने ब्रूनो फर्नांडिंस के दो गोल की बदौलत स्वीडन को 2-0 से हराया

**पुर्तगाल।** पोलैंड और पुर्तगाल ने फीफा विश्व कप 2022 के लिए क्वॉलीफाई कर लिया हैं। पुर्तगाल ने जहां नॉर्थ मेसिडोनिया को 2-0 से हराया वहीं पुर्तगाल ने स्वीडन को 2-0 से हराया। इटली को हराकर बड़ा उलटफेर करने वाली नॉर्थ मेसिडोनिया को पुर्तगाल ने मैच में अपनी पकड़ बनाने का मौका ही नहीं दिया। पूरे मैच में यह टीम कोई गोल नहीं कर सकी। ब्रूनो फर्नांडिंस ने पुर्तगाल के लिए दो शानदार गोल दागे। ब्रूनो ने पहले हाफ में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पास को गोल में बदल कर अपनी टीम को अहम बढ़त दिलाई। मैच के 14वें मिनट में ही पुर्तगाल के पास एक मौका बना और रोनाल्डो ने बाएं पैर से गोल करने की कोशिश की। हालांकि, उनका शॉट गोल पोस्ट को बाहर चला गया। 32वें मिनट में नॉर्थ मेसिडोनिया के कप्तान रिस्तोव्सकी ने बड़ी गलती की और ब्रूनो ने इसका फायदा उठाते हुए बेहतरीन गोल किया। ब्रूनो ने रिस्तोव्सकी के गलत पास का फायदा उठाकर गेंद मेसिडोनिया से छीन ली और रोनाल्डो को अच्छा पास दिया। रोनाल्डो गोल के करीब पहुंचे, लेकिन उन्होंने शूट करने की बजाय फिर ब्रूनो को गेंद दे दी। इसके बाद ब्रूनो ने गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हॉफ टाइम से पहले जोटा भी गोल करने चूके, लेकिन उनकी टीम आगे थी। दूसरे हाफ की शुरुआत में भी नॉर्थ मेसिडोनिया के खिलाडी अच्छी लय में दिखे, लेकिन बाद में जोटा ने उनके डिफेंस में सेंध लगाई और गेंद छीनकर ब्रूनो को बेहतरीन पास किया। ब्रूनो ने दूसरी बार बेहतरीन गोल करते हुए अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी, जो कि निर्णायक साबित हुई।

### पोलैंड नौवीं बार क्वॉलीफाई

**वारसॉ।** पोलैंड ने प्लेऑफ मुकाबले में स्वीडन को हराकर इतिहास में नौवीं बार और लगातार दूसरी बार फीफा विश्व कप के लिए क्वॉलीफाई किया। कप्तान रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने 49वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए गोल दाग कर खाता खोला और फिर मिडफील्डर पियोट्र जिलिंस्की ने 72वें मिनट में स्वीडन के डिफेंस में सेंध लगा कर शानदार गोल दागा और स्कोर को 2-0 कर दिया। पोलैंड ने इसके बाद डिफेंस को मजबूत रखा और 2-0 से मैच जीत लिया। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेजेज दुदा ने टीम को इस शानदार जीत पर बधाई दी। उन्होंने ट्वीट में लिखा, ब्रावो व्हाइट-रेड। पोलैंड सिर ऊंचा रख कर कतर जाएगा। एक बहुत अच्छे मैच बाद शानदार सफलता। मुझे गर्व है।

### मिस्र को हराकर सेनेगल 2022 फीफा विश्व में

**डकार।** पश्चिमी अफ्रीकी देश सेनेगल ने क्वॉलीफायर मुकाबले में मिस्र को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हरा कर इतिहास में तीसरी और लगातार दूसरी बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। पहला हाफ 1-0 से हारने के बाद सेनेगल ने बोउले दीया के एक गोल की बदौलत दूसरा हाफ 1-0 से जीता और फिर दोनों टीमों के निर्णायक गोल करने में असमर्थ होने के कारण मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया, जहां सेनेगल ने 3-1 से जीत हासिल की। उल्लेखनीय है कि सेनेगल ने फरवरी 2022 में भी मिस्र को पेनल्टी शूटआउट में हरा कर पहला अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स खिताब जीता था।

## गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन कर दिया सन्देश



मऊ। जिलाधिकारी अरूण कुमार की अध्यक्षता में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा 21 मार्च से 04 अप्रैल 2022 तक पोषण पखवारा कार्यक्रम मनाये जाने को लेकर कलेक्ट्रट सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि पोषण पखवाडा में दो व्यापक क्षेत्रों पर विशेष महत्व दिया जाना है जिसमें स्वस्थ भारत के लिए आधुनिक और पारस्परिक प्रयासों के एकीकरण पर केन्द्रित गतिविधियों सम्बन्धी कार्यक्रम के अन्तर्गत 28 मार्च 2022 से 04 अप्रैल 2022 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लैंगिक संवेदनशीलता और जल प्रबन्धन, एनीमिया प्रबन्धन एवं रोकथाम तथा महिलाओं एवं बच्चों के लिए पारम्परिक भोजन को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में जन जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियों के आयोजन पर फोकस किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राधेश्याम पाल द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत बच्चों, किशोरियों एवं महिलाओं में पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से पोषण सम्बन्धी जन आन्दोलन की गति हेतु दिनांक 21 मार्च 2022 से 04 अप्रैल 2022 तक पोषण पखवाडा मनाया जा रहा है। उन्होने बताया कि जल प्रबन्धन के क्रम में बरसात का पानी एकत्रित किये जाने, एनीमिया प्रबन्धन में सहजन आदि पोषक तत्वों पर प्रकाश डाला गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बाल विकास परियोजना शहर की गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कर सन्देश जन-जन तक पहुंचाने हेतु आह्वान किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एसएन दूबे, जिला चिकित्सा अधीक्षक डा0 बृजकुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी केएम पाठक, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र राशि मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार सहित समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, आगनवाडी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

## लगातार बढ़ मंहगाई रही मंहगाई से आमजन परेशान, सरकार की बड़ी नाकामी

मऊ। बुधवार को समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष एड.दिलीप कुमार पाण्डेय ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि 5 राज्यो में चुनाव समाप्ति के बाद लगातार मंहगाई बढ़ रही है जिससे आम जन के जीवन यापन में कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि डीजल पेट्रोल की कीमत आज फिर बढ़ी है, सरकार हर दिन महंगाई बढ़ाकर इतना निचोड़कर बेहाल कर देना चाहती है 5 किलो राशन ही जिंदगी लक्ष्य दिखेगा, दूसरा लक्ष्य ये कि सरकार मध्यम वर्गीय लोगों को भी जल्दी खत्म करके राशन के लाइन में खड़े करना चाहती है जिससे आप अपने बच्चों के लिए रोजगार बेहतर बेहतर जीवन शैली नहीं, राशन मांगें उसी क्रम मे आज 8वीं बार पेट्रोल का हुआ विकास, 8 बार में सिर्फ 5 रुपए 60 पैसे का इजाफा हुआ जो अत्यंत चिंतनीय है। विगत दिनों रसोई गैस और तमाम रोजमरा के सामानों में



बढ़ोतरी हुई है। एड. दिलीप पाण्डेय ने कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षा का पेपर लीक, पिछली घटनाओं से सरकार ने नहीं ली कोई सीख। बलिया में परीक्षा से 12 वीं कक्षा का अंग्रेजी का प्रश्न पत्र लीक होना सरकारी व्यवस्था में फैले व्यापक भ्रष्टाचार की देन है आखिर छात्रों के भविष्य से कब तक इसी तरह होता रहेगा खिलवाड़। प्रदेश के करीब 25 जनपदों में द्वितीय पाली की परीक्षा को निरस्त करना सरकार की बड़ी नाकामी है।

## तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

प्रखर अहरौरा मीरजापुर। वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर स्थित घाटमपुर के पास तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से दो युवक गंभीर रूप से घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन गुरुवार को नान्हूपुर थाना अदलहाट निवासी गोलू पुत्र कन्हैया (25) वर्ष और रामसिंह पुत्र गोविंद बिंद (29) वर्ष बाइक पर सवार होकर अदलहाट से अहरौरा को जा रहे थे कि घाटमपुर के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।पुलिस के अनुसार दोनों बाइक सवार युवक अधिक शराब का सेवन किये हुए थे, अगर हेलमेट पहना हुआ रहता तो चोट कम। लगती।



## स्कॉर्पियो के धक्के से छात्र घायल

रतनपुरा, मऊ। स्थानीय अवध पब्लिक स्कूल का एक 10 वर्षीय छात्र स्कॉर्पियो के धक्के से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जाता है कि हलधरपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी वैभव उपाध्याय पुत्र विजेंद्र उपाध्याय 10 वर्ष अवध पब्लिक स्कूल रतनपुरा में तीसरी कक्षा का छात्र है। वह दोपहर 12:45 बजे विद्यालय से छुट्टी होने के बाद अपने साइकिल से घर जा रहा था अभी वह सब्जी मंडी से कुछ ही दूर आगे बढ़ा था कि सामने से आ रही एक स्कॉर्पियो ने उसे टक्कर मार दी, और चालक स्कॉर्पियो समेत मौके से फरार हो गया। टक्कर के बाद वह साइकिल समेत पटरी पर जा गिरा, और घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर उसके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

## वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर व्यस्त रहे सरकारी विभाग




आजमगढ़। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के एक दिन पहले बुधवार को सरकारी कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारी लेखा-जोखा, बिल-वाउचर तैयार करने में जी-जान से जुटे रहे। मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय में संबंधित विभागों के कर्मी बिल पास कराते रहे। हालांकि कई विभागों का खजाना खाली रह गया। बजट का अधिकारी व कर्मचारी इंतजार करते रहे लेकिन स्टेशनरी के भुगतान में आहरण वितरण अधिकारी जुटे रहे।

वित्तीय वर्ष का मार्च अंतिम महीना होता है। अंतिम तिथि 31 मार्च तक उन विभागों को अपने बजट व बिल का समायोजन कराना होता है। जिसे लेकर कार्यालय खुलने से ही संबंधित अधिकारी मातहतों के साथ बजट व बिल को दुरुस्त कराने में जुटे रहे। जब सब अभिलेख दुरुस्त होते तो मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय में उसका समायोजन कराने में लगे रहे। जिन विभागों या योजनाओं के बजट की निकासी मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय के माध्यम से होती है, उन्हीं की वित्तीय वर्ष के अंतिम तिथि तक क्लोजिग कराने का नियम है।

## निर्माण के एक वर्ष बाद ही क्षतिग्रस्त हो गया पुल का बेड

कोपागंज, मऊ। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सभा शहरोज के पास छोटी सरयू व तमसा के संगम स्थल से 250 मीटर पहले छोटी सरयू नहर में निर्मित मोहन घाट पुल का बेड अपने पुनः निर्माण के एक वर्ष बाद क्षतिग्रस्त हो गया है। बेड के क्षतिग्रस्त होने बरसात में कभी भी पूल के ढ़हने का डर बना हुआ है। इस बावत कई बार लोगो ने सिचाई विभाग को अवगत कराया नहीं कोई पूल के बेड का मरम्मत नहीं कराया गया है। बताते चले की ग्राम सभा सहरोज के पास छोटी सरयू पर बना मोहन घाट पूल के माध्यम से कई गाँवो के लोगो का आना जाना लगा रहता है। दो वर्ष पूर्व इस पूल का बेड बुरी तरह टूट फुट जाने से बाढ़ खंड मऊ सिंचाई विभाग आजमगढ़ द्वारा पुनः निर्माण कराया गया था किन्तु पहली ही बरसात में पुनः बनाई गई बेड टूटने लगी कई बार ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सम्बंधित विभाग को किया लेकिन बाढ़ खंड के अभियंताओं ने कोई कार्रवाई नहीं की। यदि मोहन घाट पुल के बेड की पुनः मरम्मत नहीं कराई गई तो अगली बरसात में कभी भी पुल टूट सकता है। इस संदर्भ में किसान नेता देव प्रकाश राय ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से मांग किया है की शहरोज गांव में छोटी सरयू नदी के बेड के टूट रहे हिस्से को जल्द से जल्द मरम्मत कराया जाय।



## बिलौझा के दो घरों में भीषण चोरी

रतनपुरा, मऊ। हलधरपुर थाना क्षेत्र के बिलौझा ग्राम पंचायत में अज्ञात चोरों द्वारा दो घरों में भीषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पीड़ितों के तरफ से हलधरपुर थाने में चोरी की तहरीर दे दी गई है। पुलिस इस प्रकरण की जांच पड़ताल कर रही है। बताया जाता है कि चोरों ने पंकज कुमार सोनी पुत्र अशोक कुमार सोनी बिलौझा ग्राम पंचायत के निवासी हैं, और गांव में ही इनके अपने पुश्तैनी मकान में ही दुकान है। चोर बीती रात इनके घर में घुस कर के 180 ग्राम सोना, साढ़े 7 किलो चांदी तथा डेढ़ लाख रुपए नकदी चोरी करके चंपत हो गए। चोरों ने दूसरी वारदात प्रदीप कुमार मद्धेशिया के घर में वारदात को अंजाम दिया। प्रदीप कुमार मद्धेशिया अपने पूरे परिवार के साथ उज्जैन तीर्थाटन पर गए हुए हैं। इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने उनके घर में घुस कर के सारा माल असबाब समेट लिया और मौके से फरार हो गए।

## एस.टी.एफ. फील्ड इकाई प्रयागराज के संयुक्त टीम द्वारा दो वाहन मार्शल कार व डिजायर कार में लदे कुल सौ कि0ग्रा0 अवैध गांजा के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर अहरौरा (मिजार्पुर)। पुलिस व एस.टी.एफ. फील्ड इकाई प्रयागराज के संयुक्त टीम द्वारा पुष्ट सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत चित विश्राम तिराहे पर अहरौरा टोल प्लाजा के तरफ से आ रहे दो वाहन मार्शल कार UP 45 A 7319 व डिजायर कार CG 10 AZ 4166 जिसमें दो-दो व्यक्ति थे । उक्त दोनो गाड़ी को रोक कर पुछताछ कर तलाश किया गया तो दोनो गाड़ीयों मे अवैध गंजा लदा हुआ था । थाना अहरौरा पुलिस व एस.टी.एफ. द्वारा उपरोक्त दोनो गाड़ीयो व चार अभियुक्तों 1. गणेश चौबे पुत्र रामेश्वर चौबे निवासी चकधनावा थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 46 वर्ष, 2. अजय यादव पुत्र बालचन्द्र यादव निवासी चकलालचन्द थाना जियनपुर जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 33 वर्ष, 3. कृष्ण कुमार साहु पुत्र नारायण साहु निवासी वार्ड न0- 9 किरीत पारा किरारी थाना मस्तूरी जनपद विलास उम्र 36 वर्ष, 4. मनोज पाण्डेय पुत्र स्व- जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय निवासी इन्द्रलोक कालोनी थाना अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 36 वर्ष को हिरासत मे लिया गया । पुलिस टीम द्वारा वाहनों की तलासी से 100 कि0ग्रा0 अवैध गांजा तथा पांच अदद मोबाइल की बरामदगी की गयी । जिसके सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर एनडीपीएस एक्ट अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार 04 अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम नगर चौकी प्रभारी कुवंर मनोज सिंह चौकी मय फोर्स कां0 गौतम कुमार और उ0नि0 वेद प्रकाश पाण्डेय एस.टी.एफ. फील्ड इकाई प्रयागराज, उ0नि0 अनिल कुमार सिंह एस.टी.एफ. फील्ड इकाई प्रयागराज, हे0कां0 साजित अली एस.टी.एफ. फील्ड इकाई प्रयागराज, हे0कां0 दिलीप कुमार एस.टी.एफ. फील्ड इकाई प्रयागराज, कां0 मो0 हबीब सिद्दीकी एस.टी.एफ. फील्ड इकाई प्रयागराज, कां0 पंकज तिवारी एस.टी.एफ. फील्ड इकाई प्रयागराज।

## डोभी स्टेशन पर सुहेलदेव के ठहराव रोके जाने को लेकर स्थानीय लोगो ने किया विरोध प्रदर्शन

**ठहराव जल्द नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे:अजीत सिंह, नेपाल इंडो मार्ग से महज पचास मीटर दूरी पर स्थित है डोभी रेलवे स्टेशन**

प्रखर चंदवक जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के डोभी रेलवे स्टेशन पर अचानक सुहेलदेव सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ठहराव रोके जाने को लेकर समाजसेवी अजीत सिंह के नेतृत्व में गुरुवार की दोपहर सैकड़ों की संख्या में लोगो ने डोभी रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई।बता दे कि गाजीपुर से चल कर सुल्तानपुर,लखनऊ होते हुए आनंद विहार दिल्ली को जाने वाली सुहेलदेव का ठहराव सप्ताह में चार दिन डोभी रेलवे स्टेशन पर ठहराव होता था।अचानक बुधवार को सुहेलदेव का ठहराव रोक दिया गया।जिसकी जानकारी होते ही क्षेत्रवासियों में रोष का माहौल व्याप्त है।इस बाबत मीडिया से बात करते हुए समाजसेवी अजीत सिंह ने बताया कि डोभी रेलवे स्टेशन चार जिलों को जोड़ता है जिसकी कुल आबादी लगभग सोलह लाख की है।सुहेलदेव के ठहराव से यहां के लोगो को लखनऊ,दिल्ली व अन्य जगहों पर आने जाने में सहूलियत मिलती थी।अब यहां पर सुहेलदेव के ठहराव न होने से लोगो को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है हम सभी लोग इस स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर की मांग लगातार कर रहे पर आलम ये हैं कि यहां पर चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को ही रोक दिया जा रहा है।डोभी क्षेत्र की जनता के प्रति सरकार का रवैया इतना उदासीन हो सकता है इसका अंदाजा यहां की जनता को नही था।श्री सिंह ने बताया कि डोभी रेलवे स्टेशन पर टिकट रिजर्वेशन काउंटर के लिए सांसद बीपी सरोज को भी पत्रक दिया गया है।अगर जल्द से जल्द डोभी स्टेशन पर सुहेलदेव का ठहराव दोबारा नही किया गया तो हम सभी क्षेत्रवासी धरने प्रदर्शन को बाध्य होंगे गौरतलब हो की आजादी के 43 साल पहले यानी 21मार्च 1904 में अंग्रेजो के समय में डोभी रेलवे स्टेशन का निर्माण किया गया था।डोभी का गौरवपूर्ण इतिहास होने के नाते यह स्टेशन अपने आप में खास था इसी स्टेशन से होकर बड़ी बड़ी हस्तियां देश व विश्व पटल पर जनपद व डोभी की छाप छोड़ने में कामियाब रही है।जिनका गौरवशाली इतिहास पढ़कर व सुनकर गौर महसूस होता है।इसका अंदाजा इसी बात लगाया जा सकता हैं कि डोभी रेलवे स्टेशन से महज पचास मीटर दूरी पर नेपाल इंडो मार्ग पर स्थित है।विरोध प्रदर्शन करने वालो में सोनू राजभर,भगवानदास,दरोगा राजभर,सुजीता सिंह,आशुतोष सिंह,राहुल राम,अमरजीत यादव,अमन गुप्ता,मनीष प्रजापति,बाबू यादव,केशव,धर्मेंद्र सोनकर व जयप्रकाश समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



**सुहेलदेव के ठहराव न होने से ऑटो रिक्शा चालक व दुकानदारों की बड़ी मुसीबतें**- सुहेलदेव के ठहराव न होने से ऑटो रिक्शा चालक व दुकानदारों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। ऑटो रिक्शा चालक राकेश यादव ने बताया की सुहेलदेव के बंद हो जाने से यात्रियों के आवागमन में काफी हद तक कमी हो गए हैं।अगर सुहेलदेव का ठहराव दोबारा नही किया गया तो हम लोगो को अपने परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो जायेगा।क्योंकि की ट्रेनों के ठहराव से ही हम लोग अपने परिवारों का जीविका चलाते हैं। सरकार से हम लोगो की यही मांग है कि सुहेलदेव का ठहराव दोबारा किया जाय।दुकानदार सोनू प्रजापति ने बताया की जब से सुहेलदेव का ठहराव यहां पर बंद कर दिया गया है तक से हम लोगो के दुकानदारी पर खासा असर हुआ हैं इसके पहले दुकानों पर काफी चहल पहल देखने को मिलती थी दुकानदारी भी खूब चलती थी मगर आज हम लोग केवल दुकान खोलकर अपने आप को ही देखते हैं।पहले जैसी चहल पहल देखने को नही मिल रही है अगर ऐसा ही रहा तो हम लोगो को भी एक दिन दुकान बंद कर के शहरो की तरफ रुख करने को मजबूर होंगे।सरकार से हम सभी लोगो की गुहार है की सुहेलदेव का ठहराव दोबारा किया जाय।

## संक्षिप्त खबरें

### मिजार्मुराद में बीती रात पिस्तौल सटाकर पेट्रोल पंप के सेल्समैन से युवकों ने हजारों रुपये लूटकर फरार

**घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी**

प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। मिजार्मुराद थाना से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी बेनीपुर गांव में नेशनल हाइवे के समीप स्थित पेट्रोल पंप पर बीती देर रात अपाचे बाइक सवार दो युवक सेल्समैन को पिस्तौल दिखाकर 64 हजार 7 सौ रुपये लूटकर फरार हो गये। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस संबंध में पेट्रोल पंप के मैनेजर वरूण मिश्रा ने थाने में केस दर्ज कराया है। प्राप्त जनकारी के अनुसार मिजार्मुराद नेशनल हाइवे गांव बेनीपुर में स्थित भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर बीती रात सुभाष पटेल सेल्समैन के तौर पर कार्यरत है। बुधवार रात करीब पौने दो बजे अपाचे बाइक पर सवार होकर दो युवक आए,और पेट्रोल भराने के लिए सेल्समैन को आवाज लगाई, एक युवक बाइक पर बैठा रहा, जबकि दूसरा नीचे उतर गया। युवक ने 100 रुपये का पेट्रोल डालने के लिए कहा। सेल्समैन ने पेट्रोल डाल दिया। युवक ने जेब से पैसे निकालने की जगह पिस्तौल निकालकर सेल्समैन पर तान दी। बोला, तेरी जेब में जो है, उसे निकाल कर मुझे दे दो। सेल्समैन भागने लगा। तभी युवक ने कहा कि गोली मार दूंगा। इतना सुनते ही सेल्समैन डर गया। वही एक युवक ने सेल्समैन के जेब में रखा 64 हजार 7 सौ रुपये निकाल कर ले लिया और वहां से भाग गया। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। मिजार्मुराद पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### समाजसेवी ने जन्मदिन पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



प्रखर रामनगर वाराणसी। नगर के स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के ब्रांड एंबेसडर युवा समाजसेवी शुभम सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने बलुआ घाट स्थित मछली बाजार में निषाद समुदाय के साथ पौधारोपण कर धरती को धरती को हरा भरा बनाने का आवाहन किया। इनके इस कार्य सभी ने सराहना की। इस दौरान शुभम सिंह के साथ गोबिंद यादव, हेमंत केशरी, अनिल सहानी, आदित्य गुप्ता, रिंकू साहनी, पंचम साहनी सहित तमाम लोग रहें।

### सेवानिबृत प्रधानाध्यापक का सम्मान समारोह संपन्न




प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पचवर में गुरुवार की सुबह सेवानिबृत हो चुकी प्रधानाध्याप विद्या देवी का अध्यापकों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।गौरतलब हो कि 1993 में नियुक्त हुए प्रधानाध्यापक विद्या देवी ने अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वाह की।वर्ष 2006 में प्राथमिक विद्यालय पचवर में सेवा करते हुए कार्यमुक्त हो गई इस अवसर पर सहायक अध्यापक विनीत सिंह,मनीष शुक्ला,पूजा जैसवाल, शिक्षा मित्र दिनेश यादव,सुषमा देवी,प्रधानपति रामसूरत सरोज समेत सुनील सिंह ,अशोक पाल,राजू पाठक, सुबास यादव मौजूद रहे।

### महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में सम्मान किया गया विदाई समारोह



प्रखर महाराजगंज। जनपद महराजगंज स्थित महात्मा गांधी इंटर कालेज बृजमनगंज मे अंग्रेजी के सहायक अध्यापक भरत प्रसाद गुप्ता सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम मे विधालय प्रबंधक आशीष जायसवाल, युवा ब्यापार मंडल उपाध्यक्ष व विधालय प्रबंधन समिति सदस्य अभिषेक जायसवाल ,प्रधानाचार्य डा.राम औतार,लिपिक श्याम कुवर राठौर, करुणेश मणि त्रिपाठी,ने माला पहनाया तथा अभिषेक जायसवाल ने अंगवस्त्र देकर ससम्मान विदाई किया।

### खेतासराय में प्रथम आगमन पर राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव का हुआ भव्य स्वागत



प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। उत्तर प्रदेश के योगी मंत्रिमंडल में जौनपुर सदर के विधायक और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद यादव का शपथ ग्रहण के बाद प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लाद जोरदार स्वागत किया। गुरुवार की दोपहर जैसे ही राजमंत्री का काफिला खेतासराय पर पहुंचा वहां पहले से ही इंतजार कर रहे । भारतीय जनता पार्टी व हिन्दु युवा वाहिनी खेतासराय के नेतृत्व में संघठन के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मीडिया कर्मियों से कहा की सरकार ने जिम्मेदारी दी उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा किया जाएगा। इसी क्रम में मंत्री का काफिला नगर में पहुंचा जहां धर्मचन्द्र गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता के प्रतिष्ठान पर स्वागत द्वार डा. गजेन्द्र पांडेय द्वारा बनवाया गया शुभम जयसवाल व परमेंद्र मोदनवाल सहित दर्जनों कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया और खुशी में पटाखे भी फोड़े। उक्त अवसर पर अशोक गौतम(प्रधान), जिलाजीत गुप्ता, संजय सिंह, विक्की बाबू, श्रेयांश पाठक, डा. पवन कुमार, विशाल सोनकर, ओमप्रकाश मोदनवाल, एड. आशुतोष श्रीवास्तव, गौरव पाठक, महेन्द्र गौतम (प्रधान), पवन सैनी, सूरज पाठक मुन्ना यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देश में जल संकट से निपटने के लिए आईआरएस अफसर उज्ज्वल चव्हाण हुए जल प्रहरी समारोह में सम्मानित

प्रखर नई दिल्लीः दुनिया भर के राष्ट्र जहां जल संकट को लेकर सेनेगल में वर्ल्ड वाटर समिट में मिलकर विमर्श कर रहे हैं तो वहीं भारत को जल आत्मनिर्भर बनाने के लिए विमर्श का आयोजन 30 मार्च, 2022 को देश की राजधानी, दिल्ली में किया गया। जल आत्मनिर्भर भारत प्रयास एवं चुनौतियां, विषय पर जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में जलपुरूष श्री राजेंद्र सिंह सहित देश भर के जल संरक्षकों ने चर्चा की। इसके साथ ही देश भर के जल संरक्षण करने वाले जल प्रहरी भी सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में मुंबई के आयकर विभाग के संयुक्त आयुक्त आईआरएस अफसर उज्ज्वल चव्हाण को भी सम्मानित किया गया। आईआरएस उज्ज्वल चव्हाण काफी लंबे वक्त से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैला रहे हैं एवं किस प्रकार से भू-जल को संरक्षित किया जा सकता है उसको लेकर




नए नए एक्सपेरिमेंट्स को इजाद करने में मदद कर रहे हैं। 2017 में उन्होंने जलगांव से एक कार्यक्रम शुरू किया जिसमें 208 करोड़ लीटर पानी का रिजर्वायर को बनवाने, 45000 पेड़ों को लगवाना जैसे कार्य शामिल है। सिर्फ इतना ही नहीं आईआरएस उज्ज्वल चव्हाण की जिंदगी का मकसद है कि किस प्रकार भू - जल को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुयोजित ढंग से संरक्षित कर के रखा जाए। उनका सपना है चालीसगांव तहसील में 500 करोड़ लीटर का पानी संरक्षित करने के लिए रिजर्वायर बनाना, भू जल को 10 फीट तक ऊपर लाना और खेती के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाना है। कार्यक्रम का आयोजन सरकारी जल प्रहरी समारोह के संयोजक अनिल सिंह ने बताया कि समारोह में हिस्सा लेने वाले कई जल प्रहरी ऐसे हैं जिनके नवीन उपयोग, उपकरण, प्रयोग, पारंपरिक तौर तरीके अनूठे हैं और लाखों लीटर पानी बचा रहे हैं। इस वर्ष चयन समिति के प्रमुख पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं मौजूदा राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई रहें और कार्यक्रम में दिल्ली के सांसद श्री मनोज तिवारी, राज्यसभा सांसद श्री विजय पाल सिंह तोमर ने शिरकत की।

## विनय बने काशी प्रांत प्रमुख



प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 61वें प्रांत अधिवेशन प्रयागराज में प्रांत अध्यक्ष डा.सुचिता त्रिपाठी ने ढढोरपुर गांव निवासी विनय पांडेय को काशी प्रांत का प्रांत प्रमुख (एस.एफ.एस) स्टूडेंट फार सेवा के दायित्व पर मनोनीत किया हैं। एबीवीपी के विभिन्न पदों पर रहते हुए विनय पांडेय छात्र जीवन से अब तक लगातार छात्र-छात्राओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं। अश्वनी कुमार सिंह, शुभम उपाध्याय, श्रीपति मिश्रा, रत्नाकर पांडेय, अंकिता तिवारी, संतोष पटेल आदि ने मनोनयन पर खुशी व्यक्त की हैं।

## छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित



प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। कोसड़ा (लालपुर) गांव स्थित श्यामतारा महिला महाविद्यालय में गुरुवार को स्नातक तृतीय वर्ष की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। सरकार की ओर से ज्योति मिश्रा, नेहा विश्वकर्मा, कंचन पटेल व स्नेहा मौर्या को मुफ्त स्मार्टफोन मिला।स्मार्टफोन मिलते ही छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर प्रबंधक राजेन्द्र प्रताप सिंह, प्राचार्य डा.सुरेंद्र सिंह, डा.संगीता सिंह, विनोद कुमार, दिलीप सिंह, पंकज समेत अन्य उपस्थित रहे।

## फूलपुर के विवाहिता का भदोही में हत्या करने वाला पति के दोस्त हुआ गिरफ्तार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर के करखियाव गांव से मायके के लिए निकली विवाहिता की हत्या कर भदोही जिले के एक गांव के कुएं में फेकने वाले युवक को फूलपुर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चले कि करखियाव निवासी अखिलेश राजभर की पत्नी प्रियंका राजभर 32 वर्ष गत 12 मार्च को सूरत में रह रहे पति से बात कर मायके में जाने को लेकर घर से निकली। लेकिन वहाँ न पहुचने पर उसके श्वसुर गजराज ने 13 मार्च को गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस और परिजन खोजबीन कर रहे थे। लेकिन कोई सुराग नही लगा। लेकिन 24 मार्च को भदोही के जोगियापुर थाना चौरी स्थित एक गांव के कुएं में उसका शव मिला। भदोही की टीम ने जब गुमशुदगी के रपट के आधार पर श्वसुर व फूलपुर पुलिस को सूचना दी। जिसपर श्वसुर गजराज व विवाहिता का भाई महेश राज निवासी मगरहा थाना चुनार मिजार्पुर के साथ पहुचा



और कपड़े के आधार पर उसकी शिनाख्त की। उसके बाद 27 मार्च को फूलपुर थाने पर पहुचा मृतका के भाई महेश राजभर ने उसके बहनोई अखिलेश के साथ काम करने वाले जीतमणि यादव निवासी जोधापुर सुरियावां भदोही के खिलाफ 366, 201 व 302 के तहत मुकदमा दर्ज कराया। जिसमे आरोप लगाया कि बहनोई के गैर मौजदूगी में अक्सर बहन से मिलने आता था और यही बहला फुसलाकर कर अपने साथ उसे ले गया और बाद में उसकी हत्या कर दी। इस बाबत इंस्पेक्टर मुन्नाराम ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित के गिरफ्तारी में पुलिस जुट हुई थी। गुरुवार को दोपहर 12 बजे फूलपुर के बरही कला से आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी राधेश्याम राम ने बताया कि अवैध संबंध को लेकर विवाद हुआ था और गला दबाकर हत्या करने के बाद उसे कुएं में फेंक दिया था।

## घाटी में ट्रक का ब्रेक फेल, मोड़ पर ट्रक पलटी, कोई हताहत नहीं

### दुर्घटना का कारण तीव्र ढलान घुमावदार मोड़, लगातार हो रही दुर्घटना

प्रखर मिजार्पुर। थाना चौकी ड्रमण्डगंज घाटी के बड़ा मोड़ पर आज फिर ब्रेक फेल होने से ट्रक पलट गई।गनीमत रही कि विपरीत दिशा से आरहे कंटेनर से टकराव हो जाने से बीच डिवाइडर पर ही ट्रक पलट गई। जिससे चालक खलासी बाल बाल बच गए। कंटेनर नही आने की दशा में दो सौ फीट निचे ट्रक चले जाने की पूरी संभावना थी।बताया जाता है कि वाहन संख्या MP09 HG 2965 14 टयरा ट्रक कपड़ा धुलने वला साबुन नागपुर से लाद कर पटना को जा रहा था।बुधवार की देर रात लगभग 11बजे जैसे ही बड़ा मोड़ के पास पहुँच रहा था कि अचानक ब्रेक फेल हो गया असंतुलित ट्रक राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर मीरजापुर की तरफ विपरीत दिशा से आरहा खाली



कंटेनर संख्या HR 61C 7737 से मोड़ पर भिडंत हो जाने से ट्रक बीच डिवाइडर पर ही पलट जाने से चालक प्रदीप उपाध्याय ग्राम विजौरी थाना मानपुर जिला उमरिया मध्यप्रदेश व खलासी रामकिशुन उपाध्याय बाल बाल बच गए।सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस आरक्षीबल उमेश सिंह आदि द्वारा पीड़ितों की मदद की गई तथा सुरक्षा सहायता प्रदान की गई।राष्ट्रीय राजमार्ग का घुमावदार तेज ढलान पर आए दिन लगातार दुर्घटना होने से मे क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग को लहुरियादह से सीधे ओवरब्रिज बना कर देवहट ओवरब्रिज से जोड़ने का माँग उठने लगी है। ग्रामीण जनों के मुताबिक यदि लहुरियादह से ओवरब्रिज के द्वारा सड़क को सीधा देवहट ओवरब्रिज से कांटेक्ट कर दिया जाय तो दुर्घटना पुरी तरह से रूक जायेगी।

## रामनाथ पब्लिक स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कार पाकर बच्चों के खिले चेहरे

प्रखर महाराजगंज। जनपद महाराजगंज स्थित बृजमनगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामसभा नौसागर टोला मदनपुरवा स्थित रामनाथ पब्लिक विद्यालय पर बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बालक एवं बालिकाओं ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन




करते हुए विभिन्न प्रकार के मॉडल जैसे हॉस्पिटल, स्मार्ट सिटी, सौर ऊर्जा ,सोलर इत्यादि बना कर प्रदर्शनी के माध्यम से लोगोंका मनमोह लिया।बच्चों की प्रतिभा को निखारने का कार्य विद्यालय के अध्यापकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि फरेंदा विधानसभा के पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह , विशिष्ठ अतिथि धानी ब्लाक प्रमुख योगेंद्र तिवारी , बृजमनगंज ब्लाक प्रमुख उदयराज यादव मंडल अध्यक्ष गुलाबचंद चौरसिया, पिछड़ा मोर्चा के गामा यादव , वरिष्ठ पत्रकार एवं सभासद प्रत्याशी जगदंबा जयसवाल ,गौरव जयसवाल प्रबंधक रेनूगुप्ता,अध्यापक चंद्रबदनगुप्ता, विनयजायसवाल, बृजेश गुप्ता, किरन, वंदना, मोनिका चौधरी सहित स्थानीय अभिभावक एवं महिलाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन धानी मंडल महामंत्री चंदन मद्धेशिया द्वारा किया गया।सर्वप्रथम पूर्व विधायक द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया तदुपरांत पूर्व विधायक ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य चंद्रशेखर गुप्ता चंद्रशेखर गुप्ता द्वारा कार्यक्रम में आए पूर्व विधायक सहित सभी अतिथि गणों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर बच्चो से वातार्लाप की। पूर्व विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार का आयोजन होना चाहिए जिससे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारा जा सके उनके भय को दूर किया जा सके।विद्यालय द्वारा बच्चों के प्रतिभा के अनुसार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिकाओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।इसी क्रम पूर्व विधायक बजरंग बहादुर द्वारा सिंह विनीता, प्रिया, विकास, सुभम, कनक, रीतू, गोपाल आशीष को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।उसी क्रम में पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ पत्रकार एवं नगर पंचायत के सभासद प्रत्याशी जगदम्बा एवं पत्रकार गौरव जायसवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन मेडल पहनाकर किया।

## धूमधाम से मनाई गई साहू समाज द्वारा होली मिलन समारोह, मुख्य अतिथि रहे संतोष कुमार गुप्ता

प्रखर चंदौली । चंदौली जिले के चकिया क्षेत्र में साहू समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन मां दुर्गा मंदिर प्रांगन चकिया में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संतोष कुमार गुप्ता (प्रदेश अध्यक्ष-साहू समाज, सांसद प्रतिनिधि) कार्यक्रम की अध्यक्षता हरी लाल साहू (जिला अध्यक्ष -साहू समाज) ने किया। मंच संचालक दिव्या गुप्ता और सत्य प्रकाश गुप्ता जी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार की महत्वपूर्ण कड़ी में अहम भूमिका है। समस्त जनता साथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज के निचले तबके के विकास एवं उत्थान के लिए जो काम किया वह आज भी अनुकरणीय है। जीवन भर अपने उपदेशों व शिक्षाओं के जरिए लोगों के जीवन को प्रभावित किया जाय। वही आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी। वही साहू समाज के लोगों से कहा कि समाज के हर क्षेत्र में युवाओं को अपनी पहचान बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्रत्येक योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने का कार्य कर रही हैं,उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है जिस सरकार ने वह प्रदेश की जनता सहित प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति के हित और विकास के लिए कार्य करते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को संगठित करना और ज्यादा से ज्यादा राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित




जनता के हितों में कार्य किया है वह दोबारा सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं को जमीनी स्तर पर मूर्त रूप देने में कार्य करती है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जादूगर इसीलिए कहा जाता है कि करना। साहू समाज के कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने प्रार्थना भी की और बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य रूप से अनिल गुप्ता, अरुण गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, सुरेश गुप्ता , बिंदेश्वरी गुप्ता, आदि लोग उपस्थित थे।

## गेहूं के खेत में मिला खून से लथपथ युवक का शव, हत्या की आशंका

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जंगीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 1 के नजदीकी एनएच 29 के पास गेंहू के खेत मे खून से लथपथ लाश मिली है। हत्या की आशंका जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगीपुर नगर पंचायत वार्ड नंबर 9 के निवासी राधेश्याम कुशवाहा का पुत्र राहुल कुशवाहा उम्र(21) वर्ष का शव खून से लथपथ हालत में एनएच 29 के पास गेंहू के खेत में पाया गया। सुबह 6:30 बजे राहगीरों के द्वारा जंगीपुर थाना थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह को घटना की सूचना दी गई। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही थानाध्यक्ष जंगीपुर अपने मय हमराहियो के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक राहुल कुशवाहा अपने पिता राधेश्याम कुशवाहा के साथ जंगीपुर मछली मार्केट के पास सब्जी की दुकान चलाता था। परिजन ने बताया कि 29 तारीख की रात 9:00 बजे एक फोन आया जिस पर वह घर से चला



गया और रात तक घर वापस नहीं आया। 30 तारीख को भी आसपास के लोगों से व रिश्तेदारों में जानकारी ली गई लेकिन उसका कहीं भी अता पता नहीं चला। प्रशासन को खबर करने ही वाले थे की आज सुबह जानकारी मिली थी एनएच 29 पर एक खून से लथपथ शव मिला है। घटनास्थल पर पहुंचते हैं और देखा कि राहुल मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। मृतक चार भाई व दो बहनो मे दूसरे नंबर पर था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मृतक बहुत ही मिलनसार व व्यवहारिक था। उसे किसी का कोई अदावत नहीं था। घटता किन कारणों से हुई है इसका अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पा रहा है। वहीं इस घटना की जानकारी होते हैं परिजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौके पर पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह, क्राइम ब्रांच राकेश सिंह, सीओ सिटी ओजस्वी चावला ने मौके पर मुआयना कर घटना की जानकारी प्राप्त की और जंगीपुर थाना अध्यक्ष द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक के पिता राधेश्याम कुशवाहा ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का तहरीर थाने में दिया। पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह ने बहुत जल्द हत्या का खुलासा करने का भी निर्देश दिया।

## मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों नें मानदेय न मिलने पर जिलाधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

प्रखर मिजार्पुर। मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों द्वारा मानदेय ना मिलने व जांच के नाम पर मानदेय रोकने के सम्बंध में जिला मुख्यालय पर सैकड़ों की संख्या में मदरसा शिक्षकों नें धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए कहा कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना के अन्तर्गत विगत कई वर्षो से कार्यरत सैकड़ों अध्यापकों को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मीरजापुर द्वारा वेतन/मानदेय आदि का भुगतान अपनी हटवादिता एवं तानाशाही रवैया के कारण आज तक एक फूटी कौड़ी का भुगतान नहीं किया गया है जबकि सरकार द्वारा इस योजना से जुड़े प्रदेश भर के शिक्षकों के वेतन आदि भुगतान करने हेतु लगातार धनराशि उपलब्ध करायी जा रही है परन्तु अधिकारी के लचर एवं ढीली अविवेक पूर्ण रवैये के चलते विगत कई माह पूर्व से सरकार द्वारा आवंटित धनराशि का उपयोग शिक्षकों के वेतन / मानदेय आदि में नहीं किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया मण्डल अध्यक्ष आजाद आलम ने भी भुगतान न होने पर आक्रोश व्यक्त किया है और मांग किया है कि जिला प्रशासन हस्तक्षेप करके वेतन दिलाने का कष्ट करेंगे। हैदर अली ने भी वेतन न मिलने पर आक्रोश व्यक्त किया है। प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष एहसान उल्ला खाँ ने वेतन न मिलने पर बहुत ही दुःख व्यक्त किया



और लगातार वेतन दिलाने के सम्बन्ध में लगभग तीन माह से सम्बन्धित अधिकारी से अनुरोध करते रहे परन्तु उनकी भी बात अल्पसंख्यक अधिकारी द्वारा नहीं सुना गया। सभा में भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित होकर जिलाधिकारी को अपने उपर हो रहे उत्पीड़न को समाप्त करने साथ ही बजट का उपयोग करने तथा वेतन का भुगतान करने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रस्तुत किया साथ ही सरकार व शासन को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मिर्जापुर पुलिस के आगे अपराधी दिखे सरेंडर, कोतवाली शहर में तख्ती लेकर किया अपराध से तौबा

प्रखर मिजार्पुर। योगी सरकार पुनः बनने पर थाना शहर कोतवाली में खौफ जदा अपराधियों ने हाथों में तख्ती लेकर पुलिस अधिकारियों के सामने पेश हुए! उनकी तख्तियों पर लिखा था अब हम अपराध नहीं करेंगे हमें सुधरने का मौका दिया जाय! बल्कि ये कहा जाय कि मिजार्पुर में अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय वर्मा और क्षेत्राधिकारी शहर प्रभात राय के अपराधियों पर अपनी पैनी नजर हमेशा बनाकर रखा है जिससे उनके सामने पहुचे इन अपराधियो में हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी शामिल है। वहीं प्रेस से बात करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर संजय वर्मा ने कहा कि पुलिस समय समय पर अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही कर रही है और हमारा ये मैसेज है कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही किया जाय जरूरत पड़े तो गुंडा एक्ट की कार्यवाही भी किया जाय उसी के तहत कुछ अपराधी ऐसे भी है जो सुधर भी रहे हैं उनकी एक मंशा थी उन्होंने कहा कि सर हम सुधर रहे है हमे सुधरने का मौका दिया जाय, हमारे ऊपर ऐसी कोई कार्यवाही ना किया जाय तो जो खुद उपस्थित होकर एक मैसेज दिया था जो आपके सामने है! उन्होंने बताया कि ये मिजार्पुर पुलिस के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धी है और इससे समाज में एक अच्छा मैसेज भी पहुचे जो खुद सुधरना चाहते है और अपना मेहनत कर के जीवन यापन करना चाहते हैं उनके लिए ये एक अच्छा मौका भी है!

### सेवानिवृत्त शिक्षक व महिला क्रिकेट टीम हुई सम्मानित



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकासखंड के ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) मंगारी परगुरुवार को सेवानिवृत्त शिक्षको के सम्मान के साथ बेसिक शिक्षा विभाग की महिला क्रिकेट व रंगोली टीम को सम्मानित किया गया। गुरुवार को दोपहर में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त चार शिक्षकों में बीआरसी पहुचे तीन शिक्षको बेचन सिंह,कृष्णनंदन सिंह और फूलचंद को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही गत दिनों मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पिंडरा ब्लॉक का नेतृत्व करने वाली महिला क्रिकेट टीम के कोच व मैनेजर सहित 18 खिलाड़ियों तथा रंगोली के 13 महिलाओ द्वारा जनपद स्तर पर बेहतर रंगोली में प्रदर्शन करने प्रशस्ति पत्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए बीईओ मंगरु राम ने कहाकि शिक्षक भले ही विभाग से सेवानिवृत्त हो जाय लेकिन अपने कर्तव्यों और दायित्वों से कभी सेवानिवृत्त नही होता। कार्यक्रम के अंत मे शिक्षको के सम्मान में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। संचालन डॉ कुँवर पंकज सिंह व धन्यवाद एआरपी वीरेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान कैलाश यादव, श्रवण कुमार, अखिलेश मिश्रा, जितेंद्र सिंह, राजेश सिंह, मनोज कुमार, बबिता देवी अंजलि यादव, कृष्णा जैसवार, रश्मि पाडेय समेत अनेक सम्मानित शिक्षक उपस्थित रहे।

### राजभाषा सलाहकार का हुआ स्वागत



प्रखर पिंडरा वाराणसी। लखनऊ से वाराणसी स्थित गृह जनपद आगमन पर गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राजभाषा सलाहकार सदस्य के रूप में मनोनीत विजय कुमार जायसवाल का गुरुवार को दोपहर बाबतपुर चौराहे पर भाजपाइयों ने ढ़ोल नगाड़ो के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर अभिषेक जायसवाल, शुभम जायसवाल, दीपक सिंह, पूर्व प्रधान रवि सिंह,संदीप सिंह, बिक्की जायसवाल, ज्ञानप्रकाश गुप्ता, शिवम जायसवाल, सहित दर्जनो लोग उपस्थित रहें।

### संतेश्ववर को डॉक्टरेट की उपाधि, ग्रामीणों ने किया स्वागत



प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र के बूंची गांव के मूल निवासी संतेश्वर कुमार मिश्रा को समाजशास्त्र विषय में पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से विद्या वारिधि की उपाधि प्रदान की गई। उपाधि के बाद गांव पहुचने पर ग्रामीणों व परिजनों ने स्वागत किया। संतेश्वर ने सामाजिक परिवर्तन में कार्यशील महिलाओं की सहभागिता तथा वाराणसी नगर में साड़ी उद्योग के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं पर शोध किया। यह संपूर्ण शोध कार्य तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर के समाजशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ हरिओम त्रिपाठी के नेतृत्व में किया। उपाधि के समय समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा राजीव रतन सिंह, वाह्य परीक्षक के रूप में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाजशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राहुल गुप्ता रहे। वर्तमान समय मे संतेश्वर कुमार मिश्रा नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज में सहायक आचार्य के रूप कार्यरत है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं